जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

चूरू, शुक्रवार 24 फरवरी, 2023




72198 21111 | BAJAJ FINANCE LTD - AF | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

*नियम और शर्तें लागू. *डाउन पेमेंट पल्सर P150 SD वैरिएंट के लिए उपलब्ध है. डाउन पेमेंट में प्रोसेसिंग फ़ीस और अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं और ये क्रेडिट पैरामीटर्स की पूर्ति के अधीन है. फ़ायनान्स फ़ायनान्सर के स्व-निर्णय के अधीन. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी ऑफ़र या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. दर्शाए गए स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.:** Sikar: **J.M. BAJAJ 9829219003** • Jhunjhunu **J.M. BAJAJ 9785538377** • Churu Pankha Road SAMRAT MOTORS **9461236566. Authorised Service Centre:** Khandela **9929394581** • Danta **9887627046** • Mandrella **9829227852** • Sujangarh **9414402288** • Fatehpur **98292859350** • Sardarshahar **7737710123** • Shri Madhopur **9530165273** • Reengus **9928237709** • Losal **9509725500** • Khatu Shyam Ji **9460167226** • Chirawa **9829227115** • Pilani **9829199976** • Navalgarh **9414836368** • Surajgarh **9413366025** • Gudha **9982910180** • Taranagar **9414894100** • Rajgarh **9413366025** • Sultana **9828950340** • Singhana **8561893461** • Mukangarh **9829240321** • Sewadbari **9783508264.** • Mandawa **7737599305** • Palsana 9413672378.

# इन्डिगो की फ्लाइट 6E204, अचानक "टेक ऑफ" से पहले ही एतिहासिक हो गयी

## कांग्रेस के मीडिया ग्रुप के चेयरमैन को दिल्ली में फ्लाइट से उतार कर गिरफ्तार किया

- जैसा कि विदित ही है, खेड़ा ने प्र.मंत्री को प्रेस कॉन्फ्रेंस में नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के बजाय नरेन्द्र गौतम दास मोदी कह कर संबोधित किया था।
- इस अवज्ञा के कारण आसाम, लखनऊ व वाराणसी में एफ.आई.आर. दर्ज हुई थीं।
- रायपुर जा रही फ्लाइट उड़ान भरने को ही थी कि, खेड़ा को प्लेन से बाहर नीचे आने को कहा गया, अपने सामान की पहचान करने के लिये।
- खेड़ा ने स्पष्ट कहा, मेरे पास तो कोई सामान नहीं है, पर फिर भी वे प्लेन से नीचे उतरे।
- नीचे उतरने पर उनसे कहा गया कि, वे दिल्ली पुलिस के अफसरों के साथ चलें, क्योंकि उनके खिलाफ यू.पी. व आसाम में एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी हैं तथा एफ.आई.आर. के मुताल्लिक उनसे पूछताछ करनी है।
- गिरफ्तारी मौखिक आदेश के आधार पर की गयी थी।
- प्लेन में मौजूद कांग्रेस के सांसद पदाधिकारी, प्लेन से नीचे उतरे तथा नारेबाजी व धरना शुरू किया।
- फिर आसाम पुलिस का अफसर भी आया, लिखित आदेश लेकर तथा पवन खेड़ा को पुलिस साथ ले गयी, पर सुरजेवाला भी खेड़ा के साथ गये।
- खेड़ा ने उदयपुर में अपना विद्यार्थी जीवन भी बिताया है

**-रेणु मित्तल-**
**प्रत्यक्षदर्शी**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली/रायपुर, 23 फरवरी। इण्डिगो के 6 E 204 यात्री विमान में: दिल्ली के इंदिरा गांधी इन्टरनैशनल एयरपोर्ट पर दोपहर में हाई ड्रामा हुआ।

ए.आई.सी.सी. के. मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा रायपुर में होने जा रहे कांग्रेस महाधिवेशन में भाग लेने के लिए सुबह 11.30 बजे इण्डिगो की फ्लाइट में बैठे। विमान के सभी यात्री आ चुके थे और वह उड़ान भरने के लिए तैयार था। अचानक, खेड़ा से कहा गया कि वह अपने लगेज की पहचान करने के लिए प्लेन से नीचे उतर जाएं। उन्होंने कहा कि "मेरे पास कोई लगेज नहीं है," लेकिन फिर भी वे नीचे उतर गए।

इसके बाद उनसे कहा गया कि वे ना तो इस फ्लाइट में जा सकते हैं और ना ही दिल्ली से बाहर कहीं जा सकते हैं। दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारी आ गए और उनसे कहने लगे कि एक मामले की पूछताछ के लिए वे उनके साथ आएं क्योंकि इस मामले में उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश और असम में एफ.आई.आर. दर्ज हुई है। चूंकि कांग्रेस के सीनियर नेता उनके समर्थन में आ गए थे, इसलिए वहां शोर गुल और भ्रमपूर्ण स्थिति बन गई। इस फ्लाइट से जाने वाले प्रमुख लोगों में थे- के.सी. वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला, तारिक अनवर, अजय माकन, कांग्रेस के सांसद, ए.आई.सी.सी. पदाधिकारी एवं सदस्य। इसके अलावा मीडिया के कई लोग भी इस फ्लाइट से यात्रा करने वाले थे।

यह संवाददाता भी इस फ्लाइट में मौजूद थीं और उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि पुलिस ने किस तरह से बिना एफ.आई.आर. कॉपी, कोई लिखित आदेश या अन्य किसी दस्तावेज के बिना कहा कि असम सरकार उनके पूछताछ करना चाहती है और पवन खेड़ा के विरूद्ध ये मौखिक आदेश हैं।

संभवत: यह पहला मौका था जब कांग्रेस नेताओं ने हवाई अड्डे के टर्मेक पर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। यह कुछ समय तक चला, फिर असम पुलिस का एक अधिकारी वहां आया, लेकिन कांग्रेस नेता टस से मस नहीं हुए। बाद में एक लिखित आदेश लाया गया, फिर पुलिस पवन खेड़ा को अपने साथ ले गई। सुरजेवाला भी खेड़ा के साथ गए। कांग्रेस ने इस गिरफ्तारी को असंवैधानिक, मनमाना और अवैध बताते हुए दोपहर 3 बजे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार तक के लिए जमानत दे दी। संसद सत्र का सत्रावासन भी मंगलवार को ही हो रहा है। मोदी सरकार प्रतिशोध में आकर यह मैसेज देने के लिए आमादा थी कि वह कांग्रेस नेताओं को परेशान करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस के उन नेताओं पर रेड डाली गई जो पार्टी के रायपुर महाधिवेशन के प्रबंधों में शामिल थे। मोदी शासन में कांग्रेस नेताओं को जिस तरह से निशाना बनाया गया है। उससे लगता है कि यह मोदी और उनकी सरकार का एक नया स्तर है। जैसा कि एक सीनियर नेता ने कहा "यह कहना कि ये लोकतंत्र को मलिन करना और उसका नाश करना है,' एक तरह से कम अंदाजा लगाना होगा। लगता है कि भारत मोदी के शासन में एक "बनाना रिपब्लिक" (नाम मात्र में गणतंत्र) में तब्दील होता जा रहा है, जिसमें सरकार को कानून सम्मत शासन की परवाह नहीं होती, बल्कि उसे लगता है कि वह किसी भी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए उठा सकती है क्योंकि उसे ऐसा करना अच्छा लगता है।"

# 'कांग्रेस एक साधारण वर्ग के व्यक्ति का प्र.मंत्री बनना स्वीकार नहीं कर पा रही'

## सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर खेड़ा को जमानत पर रिहा करते हुए कहा, "संवाद" का भी कोई स्तर होना चाहिए, हम आपको (खेड़ा को) "प्रोटैक्ट" करेंगे

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 फरवरी। देश में लोकतंत्र की स्थिति का स्पष्ट नज़ारा देखने को मिला, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा और कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा, जिन्हें आज दिल्ली हवाई अड्डे से बड़े ही नाटकीय अंदाज़ में गिरफ्तार किया गया, को अंतरिम जमानत देनी पड़ी। खेड़ा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जाने के लिए विमान में सवार हुए थे। खेड़ा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सी.जे.आई.) डी.वाय. चंद्रचूड़ ने यू.पी. व असम में दर्ज केसों के खिलाफ दायर कांग्रेस की याचिका सुनते हुए कहा कि कुछ बातचीत होनी चाहिए थी, हम आपको सुरक्षा दे रहे हैं।

खेड़ा को एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में की गई तथाकथित विवादास्पद टिप्पणी के लिए गिरफ्तार किया गया। उन्होंने अडानी विवाद में संयुक्त संसदीय समिति से जांच करवाने की मांग करते हुए मोदी का नाम गलत बोल दिया था। खेड़ा ने कहा था कि, अगर नरसिम्हा राव जे.पी.सी. गठित कर सकते हैं, अटल बिहारी वाजपेयी जे.पी.सी. गठित कर सकते है तो नरेन्द्र गौतम दास....... क्षमा कीजिए दामोदर दास..... मोदी को क्या समस्या है। वे अपने एक साथी से मध्य नाम की पुष्टि करते देखे गए थे। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि यह जबान फिसलने जैसा था, खेड़ा ने माफी मांग ली थी। सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा के खिलाफ दर्ज सभी एफ.आई.आर. संकलित करने की अनुमति भी दे दी।

खेड़ा की तरफ से एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, मैं हद पार करने में यकीन नहीं करता, लेकिन अगर आप ऐसा करते हैं तो भी यह प्रतिक्रिया नहीं हो सकती। यह दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने शब्दों को तोड़ा-मरोड़ा था जो उन्हें नहीं करना चाहिए था, ऐसा मेरा मत है। मै खुद भी भ्रमित हो गया था कि यह नाम दामोदर दास है या गौतम दास। यह सब टी.वी. पर आया था। उन्होंने कहा था कि मुझ से गलती हो गई।"

खेड़ा को जब पुलिस ले जा रही थी तब उन्होने कहा कि "यह लम्बी लड़ाई है और मैं तैयार हूं।" भाजपा का कहना है कि खेड़ा ने जानबूझकर नामों में गड़बड़ी की थी। असम के मुख्यमंत्री हिमान्त बिस्वा सरमा ने कहा कि, "कोई गलती नहीं की है। प्रधानमंत्री के पिता के बारे में पवन खेड़ा ने जो खेदजनक टिप्पणी की, उसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन प्राप्त है। कांग्रेस इस बात को हजम नहीं कर पा रही है कि एक साधारण परिवार से उठा आदमी देश का प्रधानमंत्री है। कांग्रेसियों की ऐसी टिप्पणी को देश कभी भी माफ नहीं करेगा।"

कांग्रेस के महासचिव व संचार प्रकोष्ठ के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि, "भारत में भाषण की स्वतंत्रता धीरे-धीरे कमज़ोर हो रही है। लेकिन भाषण के बाद की स्वतंत्रता तो तेजी से लुप्त हो रही है। घटनाक्रम पर कांग्रेस की सुप्रिया श्रीनेट ने कहा, यह कुछ नहीं बस एक डरी हुई सरकार की धौंस है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने असम व उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस भेज कर पवन खेड़ा की इस याचिका पर जवाब मांगा कि, प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ असम में लखनऊ और वाराणसी में जो एफ.आई.आर. दर्ज की गई हैं उन्हें क्लब करा दिया जाए, इस केस में गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है। खेड़ा की तरफ से उपस्थित वरिष्ठ वकील सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने अपनी टिप्पणी के लिए उसी दिन माफी मांगी थी और इन एफ.आई.आर. में जो अपराध है, उसमें गिरफ्तारी की जरूरत नहीं।

## विचार बिन्दु

ईश्वर आपत्तियों का भला करे क्योंकि इन्हीं से मित्र और शत्रु की पहचान होती है। -अज्ञात

# क्या समाज द्वारा अपने सदस्य का बहिष्कार करना संवैधानिक नैतिकता के सिद्धान्त के विपरीत होने से अवैध है

कई समाजों, जातियों और धर्मों में, समाज से बहिष्कार, जाति से निष्काशन अथवा धर्म से अलग करने की प्रथा (प्रेक्टिस) है। कुछ लोग साधारण भाषा में इसे हुक्का पानी बंद करना भी कहते हैं। एक समय था जब विधवा विवाह करने पर हिन्दुओं में व्यक्ति को जाति से बहिष्कृत कर दिया जाता था। दाऊद बोहराओं के समाज में बहिष्कार करने की प्रेक्टिस (प्रथा) रही है। मेरे बड़े भ्राता स्व. श्री नाथूलालजी जैन को (जो कांग्रेस की वर्किंग कमेटी के सदस्य रहे थे) हरिजनों के भोज में शामिल होने पर दिगम्बर जैन समाज ने हमारे परिवार को ही बहिष्कृत कर दिया था। बहिष्कार में समाज बहिष्कृत व्यक्ति से कोई संबंध नहीं रखता था। मंदिर में भी उसका प्रवेश बंद कर दिया जाता था। व्यक्ति को समाज की सम्पत्ति के प्रयोग का अधिकार छीन लिया जाता था। परिवार का सदस्य शमशान का भी उपयोग नहीं कर पाता था। बहिष्कृत व्यक्ति एक अछूत बन जाता है और उसका जीवन नारकीय व गरिमा हीन हो जाता है, यह उसकी Civil Death है। इस बहिष्कार को Ex-communication कहा जाता है।

सन् 1962 में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने सरदार सैदना तहेर सैफुद्दीन साहेब बनाम स्टेट ऑफ बम्बई (1962 Suppl (2) SCR 496) में दाऊद बोहरा समाज में बहिष्कार की प्रेक्टिस को सही माना था उक्त केस में 4 : 1 के निर्णय से बोम्बे प्रिवेन्शन ऑफ एक्सकोम्यूनिकेशन एक्ट 1949 को अवैध मानकर निरस्त किया था। एक अन्य केस में सरदार सैदना के केस को संविधान पीठ ने पुनः विचार करने की बात कही थी, क्योंकि स्थिति में तथा विचारों में परिवर्तन हुआ था।

Constitution Jurisprudency (संवैधानिक विधि शास्त्र) में नई विचार धारा का परिवर्तन और विकास हुआ है जिसके अनुसार संवैधानिक नैतिकता तथा व्यक्तिगत गरिमा के बाबत सोच में क्रांन्ति आई है। सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ दाऊद बोहरा कोम्यूनिटी ने 1986 में रिट पिटीशन दायर हुई थी और उसमें 1962 के उपरोक्त निर्णय पर पुनः विचार की प्रार्थना की थी। जब यह पिटीशन जेरकार थी तभी महाराष्ट्र सरकार महाराष्ट्र प्रोटेक्शन ऑफ पिपुल फ्रोम सोशिल बॉयकाट अधिनियम 2016 लेकर आई। उसने 1949 के उक्त अधिनियम को रिपील कर दिया। पिटीशनर्स ने यह प्रार्थना भी की कि 2016 के अधिनियम को दाऊद बोहराओं पर भी लागू माना जावे।

जस्टिस संजय किशन कॉल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस अभय ओका, जस्टिस विक्रय नाथ व जस्टिस जे.के. महेश्वरी की संविधान पीठ ने प्रारम्भिक रूप से यह माना कि परिस्थितियां बदल चुकी हैं और विचारों में नई सोच ने जन्म लिया है अतः 1962 के केस को पुनर्विचार किया जावे।

सबरीमाला के केस में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में विवादित प्रश्न को महिलाओं के समानता के आधार पर परीक्षण कर निर्णय दिया है। मंदिर में प्रवेश पर पाबन्दी को समानता के मूल अधिकार पर अक्रमण मानकर उसे असंवैधानिक करार दिया है। धर्म का स्वरूप प्रथाओं कस्टम, रीति, रिवाजों, विश्वास व आस्था पर आधारित और उसी प्रथा को धर्म माना गया है जो धर्म का अभिन्न अंग माना गया है। इस निर्णय का विरोध है। उनका कहना है कि 10 से 50 वर्ष की महिलाओं को जो मासिक धर्म की सामाजिक क्रिया से ग्रसित हैं, उन्हें मंदिर में प्रवेश न दिया जावे। उनके लिये यह प्रश्न आस्था का है। इस केस में 9 जजों की पीठ को पुनर्विचार हेतु सौंप दिया गया है। सबरीमाला के केस में धार्मिक डिनोमीनेशन के अधिकार को संवैधानिक नैतिकता के तहत माना गया है तथा अनुच्छेद 26 में Morality को संवैधानिक मोरेलिटी के संबंध में माना है।

5 न्यायधीशों की पीठ का निर्णय जस्टिस ओका ने दिया है। पीठ का मानना है कि कानून की व्याख्या (Interpretation) परिस्थितियों और समय के साथ बदलते रहना चाहिये। कानून समाज की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप बनना चाहिये। देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार, प्रगति के अनुसार तथा संसार के अन्य लोगों की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप कानून की व्याख्या होनी चाहिये। पीठ ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने के.एस. पुट्टास्वामी बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया के केस में प्राइवेसी को मूल अधिकार माना है। इण्डियन यंग लॉयर्स एसोसियेशन बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया के केस में मासिक धर्म से पीडित को शबरीमाला के केस में मंदिर में प्रवेश के प्रतिबंध को अवैध माना है। अतः 1962 के पुराना निर्णय के पुनर्विचार की आवश्यकता है।

**हमारा संविधान अदभुत है। वह लचर भी है अतः उसे संशोधन भी किया जा सकता है, किन्तु संविधान के मूल ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है। संशोधन आवश्यक है। कानून समय की पुकार के साथ बनाये जाते हैं। जैसे-जैसे देश प्रगति करता है उसके नागरिकों की महत्वाकांक्षायें भी बढ़ती जाती हैं।**

धार्मिक Denomination की स्वतंत्रता जिसे संविधान के अनुच्छेद 26 में परिभाषित किया है उसे समानता के मूल अधिकार, व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संदर्भ में माना जाना चाहिये। इस प्रकार संवियधान में जो धार्मिक स्वतंत्रता, एकता, व्यक्ति की गरिमा स्वतंत्रता की पृष्ठ भूमि में संविधान के प्रति विश्वास की रोशनी में समझना चाहिये जैसे जस्टिस चंद्रचूड ने शबरीमाला के केस में अभिव्यक्त किया है। समानता व स्वतंत्रता तथा बन्धुत्व की भावना संविधान में एक प्रकार से संविधान की नैतिकता ही है, उसे किसी भी कीमत पर समाप्त नहीं किया जा सकता।

वस्तुतः हमें संवैधानिक नैतिकता को समझना होगा डा. अम्बेडकर (संविधान निर्माता) के अनुसार संवैधानिक नैतिकता का अर्थ विभिन्न नागरिकों वर्गों एवं शासन के समूहों के परस्पर विरोधी हितों के मध्य सामन्जस्य स्थापित करना है। संविधान नैतिकता की परिकल्पना विभिन्न समूहों के मध्य टकराव की समस्या को हल करने की है।

संविधान नैतिकता की अवधारणा संविधान की प्रस्तावना, भाग III (मूल अधिकार), भाग IV राजनीति के निदेशक सिद्धान्त में स्पष्ट झलकती है, जिन्हें संवैधानिक लोकतंत्र के विचारों के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में हम पायेंगे। संक्षेप में संवैधानिक नैतिकता का अर्थ है लोकतंत्र के मूल सिद्धान्तों की पालना करना।

यदि हम संविधान के भाग IV A (मूल अधिकारों) का अध्ययन करेंगे तो संविधान के इस निर्देश को (जो सभी नागरिकों के लिये हैं) तो हम जान पायेंगे कि प्रत्येक नागरिक को अपना Scientific Temper मजबूत करना होगा हमें मानवीय गुणों के अनुसार आचरण करना होगा और सदैव सुधार व प्रगति के रथ पर सवारी करनी होगी। देश की आजादी के बाद भी अभी भी कई रूढीवादी अमानवीय प्रथायें हैं, हमें उन्हें समाप्त करना है। शिक्षा के अभाव में धर्म के नाम पर जो क्रूर प्रथायें चल रही हैं, वे बंद होनी चाहिये। सुप्रीम कोर्ट को भी उन प्रथाओं के मामले में दखल नहीं देना चाहिये जहां प्रथायें क्रूर व अमानवीय नहीं हैं, उन्हें सिविल न्यायालयों पर छोड देना चाहिये, किन्तु जस्टिस महलोत्रा ने सिविल न्यायालय का दखल स्वीकार नहीं किया है। प्रथा उसी को माना जावे जो धर्म का अभिन्न अंग हो।

निष्काशन के फलस्वरूप कई Civil Consequence होते हैं। व्यक्ति (निष्कासित) के मूल अधिकार जैसे गरिमा मय जीने के अधिकार को विपरीत रूप से प्रभावित करता है जिसे संविधान के अनुच्छेद 21 में दिया गया है। यह प्रश्न शबरीमाला के रिव्यू केस में निर्णित होना है कि क्या संवैधानिक नैतिकता की पृष्ठभूमि में निष्काशन की वैधता पर विचार करना आवश्यश्क होगा। इस प्रकार रिव्यू केस में निम्नलिखित प्रश्न रेलेवेन्ट होंगेः-

"(i) Regarding the interplay between the freedom of religion under Articles 25 and 26 of the Constitution and other provisions in Part III, particularly Article 14.

(ii) What is the sweep of expression "public order, morality and health" occurring in Article 25(1) of the Constitution.

(iii) The expression "morality" or "constitutional morality" has not been defined in the Constitution. Is it overarching morality in reference to Preable or limited to religious beliefs of faith. There is need to delineate the contours of that expression, less it become subjective."

बैंच ने यह भी पाया कि सरदार सैदना केस को, अधिनियम को पूर्णतया निरस्त नहीं करना चाहिये।

हमारा संविधान अदभुत है। वह लचर भी है अतः उसे संशोधन भी किया जा सकता, किन्तु संविधान के मूल ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है। संशोधन आवश्यक है। कानून समय की पुकार के साथ बनाये जाते हैं। जैसे-जैसे देश प्रगति करता है उसके नागरिकों की महत्वाकांक्षायें भी बढ़ती जाती हैं। अतः संविधान व कानून में संशोधन की आवश्यकता होती है, किन्तु कानून बनाने में बहुत विलम्ब हो जाता है। अतः संशोधन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता। यह एक गंभीर विचारणीय विषय है।

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# प्राचीन हुए जब धरती पर, मन के खंडहर बेचैन हुए



डॉ. रामावतार शर्मा

कोई दस वर्ष पहले जब वे मुझसे एक चिकित्सा प्रमाण पत्र लेने आए तो उनका चेहरा गर्व से चमक रहा था। ऐसा होना स्वाभाविक था क्योंकि उनका इकलौता बेटा उच्च अध्ययन के लिए अमेरिका जा रहा था। बडे सपने, बडी बातें। जिंदगी इतना देगी यह उन्होंने, उनके अनुसार, सोचा भी नहीं था। वे चंद रोज पहले फिर आए। अचानक बुढा-से गए, थके हुए उदास। एक दार्शनिक मुद्रा में स्थापित हो कर बोले कि कोई नींद की दवा लिख दीजिए। जब मैंने पूछा कि उनका बेटा कैसा है तो उनकी आंखें नम हो गई और बोले - डॉक्टर, बेटा अमेरिका में ही बस गया और अब मुझ से बात ही नहीं करता, यहां तक कि मेरा मोबाइल नंबर तक ब्लॉक कर रखा है।

ये इकलौती मुंह जबानी नहीं है बल्कि ऐसी कितनी ही अन्य आत्म स्वीकारोक्तियां अकसर सामने आती रहती हैं। भारत समय के साथ जापान और अब चीन की तरह बूढ़ा होता जा रहा है। चाहे महंगी हो, उसमें काफी कमियां हों परंतु आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और अन्य साधनों के विकास से लोग ज्यादा लंबे समय तक जीवन जी पा रहे हैं। दूसरा बड़ा परिवर्तन यह हुआ है जिसमें युवा लोगों को जीवनयापन के लिए दूर जगह और यहां तक कि विदेशों में भी जाना पड़ता है। दूरियां आत्मीयता, स्नेह और संपर्क को तोड़ भी सकती हैं। इसके अलावा कुछ गिने-चुने वर्गों को अलग कर दिया जाए तो अधिकतर नौकरियों में इतना कम वेतन मिलता है कि संतान का अपना काम चल जाए तो बडी बात है। ऐसे हालातों की वजह से प्रारंभ में तो संकोच वश और आगे चलकर आदत विकसित होने के कारण संतान मां-बाप से दूरी और कई मामलों में विमुखता बना लेती है।

कहने को तो आज का भारत विश्व का युवा देश है पर यहां तो युवकों को छोड़िए बच्चों तक पर प्रौढता हावी होती जा रही है। जो थोडी बहुत जवानी नजर आती है वह राजनीति के द्वारा सत्ता के नशे की तरफ त्वरित गति से बढ़ रहे जातियों पर आधारित युवाशक्ति (?) की है। इन युवकों के आक्रामक स्वभाव और सदा एक झुंड के रूप में आमजन को आतंकित करते हुए गुजरने की परंपरा को देखते हुए तो नहीं लगता की इस देश में जो लोग बुजुर्ग होते जा रहे हैं उनके प्रति कोई संवेदनात्मक माहौल कभी बन पाएगा। आज हमारे समाज में उम्र, पद, संजीदगी और तार्किक संवाद अपना सम्मान खोते जा रहे हैं। बस बाहुबलियों का दबदबा ही अपना परचम फैलाता नजर आ रहा है।

वैसे तो आज कल संविधान को कोई गंभीरता से लेता नहीं है फिर भी इसके आर्टिकल 42 और 47 में सरकार का एक प्राथमिक कर्तव्य है जिसमें उसे वयोवृद्ध नागरिकों की देखभाल और जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। अब सरकार इस कर्तव्य को कितना निभा रही है यह तो हर जागरूक नागरिक ही जान सकता है। वैसे देश का स्वास्थ संबंधी खर्चा पूरे बजट का दो फीसदी भी नहीं होता है। 140 करोड़ से भी अधिक की आबादी में जीरियाट्रिक क्लिनिक्स का कोई नाम तक नहीं जानता जिसमें सिर्फ वृद्ध लोगों का इलाज होता हो। प्राचीनता के नशे में झूमते समाज को सामने खड़ी समस्याओं का अस्तित्व तक नजर नहीं आ रहा है।

अभी चंद रोज पहले एक सज्जन आए थे मेरे पास। पत्नी चल बसी, बेटी का विवाह हो गया, बेटा दूर शहर में नौकरी पर रहता है। ये अपने मकान में एकदम अकेले। पडोस में एक दोस्त थे वे भी कुछ महीने पहले गुजर गए। पेंशन मिलती है, गुजारे की कोई समस्या नहीं पर अकेलेपन से कैसे लड़ा जाए? गांव से संपर्क नहीं रहा, शहर में कोई बात तक नहीं करता। यहां पता चलता है कि सांस लेने मात्र को जीना नहीं कहा जा सकता है। सामाजिक और मित्रवत संबंधों को बना कर रखना पड़ेगा वरना जिंदा रह कर भी मृतप्राय जैसी जिंदगी जीने की विवशता झेलनी होगी।

अगले तीन सालों में कोई 16 करोड़ भारतवासी बुजुर्ग होने की श्रेणी में आ जाएंगे जो रूस की आबादी से डेढ़ गुना ज्यादा संख्या होगी। इनमें से मुश्किल से पांच सात प्रतिशत लोग ही ऐसे होंगे जिन्होंने बढ़ती उम्र को उमंग के साथ बिताने की कोई दीर्घकालीन योजना बनाई होगी वरना अधिकतर तो सुबह से शाम तक घर के सोफे पर टीवी के सामने डटे रहेंगे और घर में क्लेश और अशांति का कारण बनेंगे क्योंकि एकरस जीवन दूसरों के कार्यक्रम में बाधा डालने को उकसाता है। अपने जीवन के आखिरी पड़ाव की योजना भी उसी तरीके से बनानी चाहिए जैसे युवावस्था के दौर को जीने के लिए बनाई जाती है।

क्या हमें सरकार से कोई उम्मीद करनी चाहिए कि वह अपने बुजुर्ग नागरिकों की देखभाल करने का प्रयास करेगी? यहां यह जान लेना आवश्यक है कि हम लोग ही तो सरकार बनाते हैं और जो समाज अपनी जीवनशैली को नहीं संजो सका वह किसी संवेदनशील सरकार का चयन कैसे कर सकता है? राजनीति में जिस तरह की मानसिकता के साथ लोग आ रहे हैं उनके सामने पुराने सामंत कहीं अधिक संवेदनशील नजर आते हैं। बड़ी गाडियों के काफिले के साथ चलते ये लोग सामान्य जनता में भय का माहौल फैलाने में अधिक सफल हो रहे हैं। खुले आम जाति और धर्म आधारित निम्नस्तरीय राजनीति करते इन लोगों से दर्शन आधारित राजनीति की गंगा बहेगी ऐसा तो स्वप्न में भी नहीं सोचा जा सकता।

बढ़ती उम्र को सम्मान और चैन के साथ जीने के लिए स्वयं के द्वारा बनाई योजना ही साथ दे सकती है। पराश्रित व्यक्ति पराश्रित ही होता है फिर चाहे अपनों पर ही निर्भर क्यों न हो। दो सफल पुत्रों के दम पर सदा मुस्कुराने वाले माता पिता आज कल उदासी से घिरे रहते है। अपने जीवन की व्यस्तता के कारण बेटे मां-बाप से संवाद नहीं कर पाए, दूरियां बढ़ गई। दूरियां चुंकि कटुता भी बढ़ा सकती हैं तो अब आपसी संपर्क शून्य है। इधर बढ़ती मंहगाई ने आर्थिक स्थिति बिगाड़ दी। आज हालात ऐसे हैं कि कितने ही सपनों से बनाया मकान बेच कर किसी छोटे फ्लेट में जाने का विचार उठने लगा है। जिंदगी की ये सच्ची कहानियां दर्द तो देती हैं पर सीख भी प्रदान करती हैं। जीवन यात्रा अब पहले से अधिक लंबी हो चली है जिसमें आखिरी पड़ाव पर आप नितांत अकेले हो सकते हैं इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आपको संतान का साथ मिल सकता है पर हो सकता है किन्ही कारणवश ना भी मिले। आपको दोनों परिस्थितियों के साथ जीना होगा और ध्यान रखना होगा कि यदि साथ मिले तो भी आपको अपने जीवन को सम्मान और आनंद के साथ जीने की व्यक्तिगत योजना बनानी होगी। यदि किन्ही कारणों से अकेले ही जीना पड़े तो उसके लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था भी सदैव तैयार रखनी होगी। इस बात को सदा याद रखें कि तीव्र गतिवान जीवन चक्र में आपकी भीगी आंखें और उदास चेहरे को देखने का समय अधिकतर लोगों के पास नहीं है।

**-डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# "हारे का सहारा" के जयकारों से गूंजा खाटूधाम

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। बाबा श्याम का लक्खी मेले का गुरुवार को दूसरा दिन रहा। खाटूश्यामजी के चारों तरफ जहां केसरिया ध्वज लहरा रहे हैं तो हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के नाम से पूरी खाटू नगरी गुंजायमान है। इस बार श्री श्याम मंदिर कमेटी व जिला प्रशासन ने श्याम भक्तों को बेहतरीन दर्शन कराने के लिए अनेक नवाचार किए हैं तो वहीं भक्त बाबा के दरबार में पहुंचकर मन्नतें मांग रहे हैं।

- **श्री श्याम मंदिर कमेटी व जिला प्रशासन ने श्याम भक्तों को बेहतरीन दर्शन कराने के लिए अनेक नवाचार किए**



**बाबा श्याम के फाल्गुन मेले का रंग देश के कोने-कोने से आने वाले श्याम भक्तों पर चढ़ा हुआ है।**

बाबा के इस 11 दिवसीय लक्खी मेले में करीब 35 लाख श्याम भक्त पहुंचते हैं, उन्हीं को देखते हुए मंदिर कमेटी व जिला प्रशासन ने व्यवस्थाओं को अंजाम दिया है। एकादशी को बाबा का मुख्य मेला होगा। इस बार लक्खी मेले में सुरक्षा के लिये नवाचार करते हुए घुड़सवार जवानों की तैनाती की गई है। हर सेक्टर में एक जांच अधिकारी, आठ सेक्टर के आठ प्रोटोकॉल अधिकारी तैनात हैं जो 24 घंटे मुस्तैद रहेंगे। इसके साथ ही अधिकारियों के पास 15 किलोमीटर की क्षमता के वायरलेस प्रणाली रहेगी और पूरे मेला क्षेत्र पर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर निर्देश दिए जाएंगे। लक्खी मेले में 24 घंटे भक्तों के लिए बाबा श्याम के दर्शनों की सुविधा है।

बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेले का रंग देश के कोने-कोने से आने वाले श्याम भक्तों पर ही नहीं वरन खाटूश्यामजी वासियों पर भी चढ़ा हुआ है। स्थानीय निवासी भी रींगस से खाटूश्यामजी की पदयात्रा करके बाबा श्याम के दर्शन करके परिवार व मेले के शांतिपूर्ण भरने की मंगलकामना मांग रहे हैं। स्थानीय लोग भी संघ बनाकर रींगस से खाटूश्यामजी पदयात्रा कर रहे हैं।

मेले के दौरान लाखों श्याम भक्तों की स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा विभाग भी अलर्ट मोड पर है। सीएमएचओ निर्मल सिंह चौधरी के निर्देशन में इस बार डॉ. राजीव ढाका को मेला प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही बीसीएमओ डॉ अश्वनी कुमार व चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. गोगराज सिंह निठारवाल को सहायक मेला प्रभारी बनाया गया है। मेले को देखते हुए सीएचसी के अलावा 10 मेडिकल कैंप लगाए गए हैं जिनमें डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ व पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध करवाई गई है। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर गोगराज सिंह निठारवाल ने बताया कि मेले के दौरान 324 मेडिकल स्टाफ व 70 डॉक्टर्स की व्यवस्था की गई है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में ग्यारह 108 एंबुलेंस स्थापित की गई है।

# गौ संदेश यात्रा का पुष्कर पहुंचने पर स्वागत किया

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर के रामद्वारा में प्रथम जिला स्तरीय गौ भक्तों गौ रक्षकों गौशाला संचालकों का भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें राज्य भर के सैकड़ों गौ भक्त गौ रक्षक गौ संचालक और साधु संत शामिल हुए। इस अवसर पर सम्मेलन में संतों ने गौ माता की रक्षा करने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार गौ माता की रक्षा नहीं कर रही है इसके चलते गौ माता की दुर्दशा हो रही है यही नहीं सभी संतो ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी सरकार का चुनाव करें जो गायों के हितार्थ कार्य करें गौ हत्या पर पूर्ण पाबंदी लगे गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। सम्मेलन का शुभारंभ समता राम जी महाराज राजस्थान गो सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गिरी महाराज सहित संतों ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर समता राम जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता की दुर्दशा हो रही है और गौ माता की रक्षा करने वाले गौ भक्तों पर मुकदमे दर्ज हो रहे हैं राज्य सरकार और केंद्र सरकार कोई भी गौ माता की रक्षा हेतु ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए और गौ हत्या पर पूर्ण पाबंदी हो तथा गौ रक्षकों के खिलाफ किसी प्रकार का मुकदमा दर्ज नहीं हो गोवंश की सुरक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए और प्रत्येक को गौ सेवा करनी चाहिए तभी जाकर हमारे गोवंश सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर राजस्थान गो सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश पुरी जी महाराज ने संबोधित किया।

इस मौके पर पथमेड़ा के संत दत्त श्रवणनंद महाराज ने कहा कि गौ माता भूखी मर रही है तो यह मानव जाति के लिए बड़े शर्म की बात है। सबसे पहला काम यह हो कि पूरे भारत को निराश्रित गोवंश मुक्त करना गौ हत्या बंद हो पुष्कर की पावन धरा से सभी संकल्प लें कि गो हत्या बंद हो और पूरे भारत को निराश्रित गोवंश मुक्त हो। उन्होंने कहा कि सभी को गौ माता की रक्षा करने का संकल्प लें जो समर्थ तो वह सेवा करें। पुष्कर सभी तीर्थों का गुरु है इसलिए पुष्कर तीर्थ को सबसे पहले निराश्रित गोवंश और पॉलिथीन मुक्त किया जाए।


- **प्रभात फेरी निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया**
- **पुष्कर में हुआ गो भक्तों गौ रक्षकों व गौशाला संचालकों का सम्मेलन**

उन्होंने कहा कि कोई भी कचरा सड़कों पर नहीं डालें जो भी व्यक्ति सड़कों पर कचरा डालता है वह दोषी होता है इसलिए गोवंश को बचाने के लिए निराश्रित गोवंश मुक्त और पॉलिथीन मुक्त जिसका शुभारंभ तीर्थ नगरी पुष्कर से ही होना चाहिए। पुष्कर से पूरे देश में अच्छा संदेश जाता है उस पर अग्रसर से पहले निराश्रित गोवंश और पॉलिथीन मुक्त होगा तो जिला भी होगा फिर राज्य होगा और फिर पूरा देश होगा इसलिए इसके लिए सबको आगे आना चाहिए। इस अवसर पर सभी संतो का गो भक्तों का और गो शाला संचालकों और गौ रक्षकों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इससे पूर्व जयपुर से गौ संदेश यात्रा पुष्कर पहुंचने पर गौ भक्तों ने भव्य स्वागत किया सुबह प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें नगर के अंदर स्वच्छता अभियान चलाया गया और पॉलिथीन मुक्त का संदेश दिया गया।

गौ भक्तों ने रामद्वारा से प्रभात फेरी निकाली जो पुष्कर के विभिन्न भागों में स्वच्छता अभियान चलाते हुए पॉलिथीन को नष्ट किया और पॉलिथीन मुक्त का संदेश दिया प्लास्टिक मुक्त अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में महिला पुरुष साधु संत गौ भक्त इस अभियान में शामिल हुए और जगह-जगह प्लास्टिक के ढेर लग रखे थे उनको नष्ट किया गया।

इस अवसर पर अजमेर जिले सहित राज्य की कई गौशाला संचालक गौ भक्त गौ रक्षक शामिल हुए। धीरज राम महाराज ने बताया कि वर्तमान में हो रही गोवंश की दुर्दशा को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया तथा राज्य सरकार द्वारा गौशाला में जो अनुदान दिया जाता था वह कई गौशाला में किसी कारणवश बंद हो गया है। गौशाला को पुनः अनुदान दिलवाने की भी राज्य सरकार से मांग की गई। यह जिला स्तरीय सम्मेलन राजस्थान गोसेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया। महासम्मेलन के सफल आयोजन में समता राम जी महाराज गोपाल जांगिड़, अजीत शर्मा, ओमप्रकाश भाट, नरेंद्रसिंह, भुवनेश्वर पाठक, धीरज राम, महाराज व राजेश गढ़वाल सहित कई गौ भक्तो का सराहनीय योगदान रहा।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 24 फरवरी, 2023**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, अश्विनी नक्षत्र रात्रि 3:26 तक, शुक्ल योग सांय 6:47 तक, बव करण दिन 1:03 तक, चन्द्रमा मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-मेष, मंगल-वृष, बुध-मकर, गुरू-मीन, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

कुमार योग सूर्योदय से रात्रि 3:26 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 3:26 तक बना रहेगा। रवियोग रात्रि 3:26 से आरम्भ होगा। महापात योग 10:27 तक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 8:25 तक, लाभ-अमृत 8:25 से 11:15 तक, शुभ 12:40 से 2:05 तक, चर 4:55 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:00, सूर्यास्त 6:20

### मेष
मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। मित्रों से अनबन-मतभेद बढने का भय बना रहेगा। आज घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### मिथुन
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

### कर्क
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### सिंह
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### कन्या
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### तुला
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

### वृश्चिक
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### धनु
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### मकर
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### कुंभ
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### मीन
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 14 संख्याः 296 प्रभात चूरू, शुक्रवार 24 फरवरी, 2023 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.







# कांग्रेस के 85वें अधिवेशन के लिए रायपुर सजकर तैयार

## 63 साल पहले रायपुर के विशेष अधिवेशन में नेहरू और शास्त्री मौजूद थे, इस बार गैर गांधी परिवार के खड़गे अध्यक्षता करेंगे

रायपुर, 23 फरवरी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 63 साल के बाद कांग्रेस का अधिवेशन होने जा रहा है। इससे पहले 1960 में एक विशेष अधिवेशन हुआ था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री सहित कांग्रेस का पूरा नेतृत्व यहां आया था। अब कांग्रेस का 85वां अधिवेशन हो रहा है। इस बार महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार इस अधिवेशन की अध्यक्षता गैर गांधी परिवार के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथ में होगी।

24 फरवरी से 26 फरवरी तक कांग्रेस का पूरा केंद्रीय नेतृत्व और सभी राज्यों की निर्णायक समितियां यहीं रहने वाली हैं। महा अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा यहां पहुंच चुके हैं। वहीं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा और सह प्रभारी विजय जांगिड़ पिछले 1 सप्ताह से यहीं रुक कर तमाम व्यवस्थाएं देख रहे हैं। दो दिन पहले संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर भी रायपुर पहुंच चुके हैं और वह भी अधिवेशन की तमाम तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के मुखिया जयराम रमेश भी रायपुर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा एक समिति, जो कि इस अधिवेशन की तैयारियों के लिए बनाई गई थी, उसके 6 सदस्य भी रायपुर में तमाम तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट शुक्रवार सुबह रायपुर पहुंचेंगे। महाधिवेशन के लिए नेताओं का आना दो दिन पहले से शुरू हो गया है। कांग्रेस के बड़े नेता गुरुवार दोपहर से आने लगे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार सुबह रायपुर पहुंच जाएंगे। वही कांग्रेस महासचिव प्रियंका

- **मेला ग्राउण्ड पर 12 एयर कण्डीशन्ड डोम बन कर तैयार हैं और अधिवेशन में शामिल होने वाले 20,000 लोगों के लिए कई प्रदेशों के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे।**
- **खड़गे, गहलोत, सुक्खू पहुँच चुके हैं, राहुल गांधी और पायलट शुक्रवार सुबह पहुँचेंगे, शनिवार को आएंगी प्रियंका।**
- **सोनिया गांधी के आने का कार्यक्रम उनकी तबीयत के मिजाज़ पर निर्भर करेगा।**

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# 'मुझे कांग्रेस व आप पार्टी से जान का खतरा'

जयपुर, 23 फरवरी। शहर के जी क्लब पर हुई फायरिंग व व्यापारियों को धमकाने के मामले में गिरफ्तार गैंगस्टर लॉरैंस विश्नोई की रिमाण्ड अवधि पूरी होने पर पुलिस ने वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए उसे जयपुर मेट्रो-प्रथम की एसीएमएम कोर्ट-9 में पेश किया। पेशी के दौरान लॉरैंस की ओर से एक अर्जी दायर कर कहा गया कि, उसे कांग्रेस व आप पार्टी द्वारा जानबूझकर झूठे केसों में शामिल किया जा रहा है और उसे इन दोनों पार्टियों से जान का खतरा है।

- **गैंगस्टर लॉरैंस विश्नोई ने न्यायालय में गुहार की।**

कोर्ट ने लॉरैंस की अर्जी को रिकॉर्ड पर ले लिया और सुनवाई की तारीख दो मार्च तय की। इस दौरान पुलिस ने लॉरैंस का सात दिन का पुलिस रिमाण्ड मांगते हुए कहा कि, अनुसंधान के लिए उसकी जरूरत है।

लॉरैंस की सुरक्षा व मेडिकल के संबंध में एसएचओ ने कहा कि वो अदालती आदेशों का पालन कर रहे हैं और लॉरैंस के मेडिकल के लिए भी डॉक्टर्स की टीम बनाई गई है, जो थाने

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# स्टियरिंग कमेटी तय करेगी सी.डब्ल्यु.सी. का निर्वाचन हो या मनोनयन

रायपुर, 23 फरवरी। कांग्रेस की सर्वोच्च संस्था कांग्रेस कार्यसमिति में 12 सदस्यों का निर्वाचन होगा या सभी 25 सदस्यों को कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत करेंगे। इस बारे में अधिवेशन के पहले दिन सुबह होने वाली स्टियरिंग कमेटी की बैठक में तय होगा। उल्लेखनीय है कि इस बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी चाहते हैं कि कांग्रेस कार्यसमिति के सभी सदस्यों का मनोनयन होने के बजाय 12 सदस्य निर्वाचन के जरिए ही चुने जाएं। इस बारे में पार्टी की 45 सदस्य स्टियरिंग कमेटी तय करेगी कि निर्वाचन किया जाएगा या जिस तरह से कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से सभी सदस्यों को मनोनीत करने की परंपरा को कायम रखा जाएगा।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से कहा कि, आज मैं छत्तीसगढ़ की इस पावन धरती पर आया हूं, पहली बार कांग्रेस के अध्यक्ष के नाते आया हूं। मुझे काफी खुशी हो रही है। लेकिन दुख की बात यह कि, जब मैं यहां पर अपने अधिवेशन में शामिल होने पहुंच रहा था, तो मेरे बहुत से कार्यकर्ताओं और नेताओं को परेशान किया गया है। खास करके हमारे स्पोक्सपर्सन पवन खेड़ा जी को अरैस्ट करके। खड़गे ने रायपुर एयरपोर्ट पर कहा कि आसाम की पुलिस आकर उनको गिरफ्तार करती है, नियम में कोई ऐसा प्रावधान नहीं है। मुझे बहुत खुशी हुई कि, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दी। ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। खड़गे बोले कि, हम पार्लियामेंट में अपनी बात बोलना चाहते हैं तो नोटिस दे दिया जाता है। इस देश में फ्रीडम ऑफ स्पीच को, बोलने की आजादी को, खत्म करने की कोशिश यह लोग कर रहे हैं। इनके हाथ में डैमोक्रैसी और संविधान सुरक्षित नहीं है। इसलिए ऐसे लोगों की कार्रवाई का मैं खंडन करता हूं।

- **पहले दिन 10 बजे स्टियरिंग कमेटी की बैठक, शाम 4 बजे सब्जेक्ट कमेटी की होगी बैठक।**

पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा जब हमारा अधिवेशन हो रहा है, तो हमारे कार्यकर्ताओं के ऊपर हमारे

(शेष पृष्ठ 5 पर)






# वकील हड़ताल पर फिर भी हुई सुनवाई

करौली, 23 फरवरी (नि.सं.)। ग्रामोत्थान संस्था की जनहित याचिका पर पांचना डैम की नहरों में पानी खोलने के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय में 23 फरवरी को सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के आदेशानुसार कलेक्टर करौली, एस.पी. करौली तथा सिंचाई विभाग के सुपरिन्टैन्डिंग इंजीनियर उपस्थित हुए।

- **मामला पांचना डैम की नहरों में पानी खोलने का है।**

ग्रामोत्थान संस्था की ओर से संस्था के अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद मीना एवं महासचिव महेन्द्र सिंह मीना उपस्थित थे। संस्था की ओर से स्वयं महेन्द्र सिंह मीना ने कमान संभाली क्योंकि अधिवक्ता गण हड़ताल

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# 'इस मुद्दे पर हम बी.बी.सी. के साथ खड़े हैं'

## ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने विवादित डॉक्युमैन्टरी पर पहली बार यह भी स्वीकार किया कि, ब्रिटेन ने इस मुद्दे पर हिन्दुस्तान से बात भी की है

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 फरवरी। भारत के नई दिल्ली और मुम्बई में बी.बी.सी. के कार्यालयों में एक हफ्ते पूर्व डाली गई रेड्स को लेकर ब्रिटिश सरकार अन्ततः एक ठोस रूप में सार्वजनिक रूप से उसके बचाव में आई है। ब्रिटेन के सांसदों ने भारत की इस कार्रवाई की भर्त्सना करते हुए इसे प्रैस को भयभीत करने की संज्ञा दी है।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बी.बी.सी. पर अन्य साधनों से राजनीति करने का आरोप लगाने के तुरन्त बाद यू.के. की प्रतिक्रिया सामने आई।

यह भी पहली बार था कि ऋषि सुनक सरकार ने इसकी पुष्टि की कि उसने नरेन्द्र मोदी सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया है।

यू.के. के विदेश मंत्री डेविड रूटली ने अपने देश की संसद में सांसदों को बताया कि "यह मुद्दा (बी.बी.सी. पर डाली गई रेड्स) भारत सरकार के साथ उठाया गया है और हम स्थिति पर लगातार नज़र रखे हुए हैं।

इण्डिपैण्डैन्ट अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार विपक्षी लेबर पार्टी ने भारत में बी.बी.सी. के खिलाफ की गई कार्रवाई की बेहद कटु आलोचना करते हुए इन रेड्स को काफी चिन्ताजनक बताया है। गत सप्ताह मारे गए आयकर छापों को लेकर भाजपा की सत्तारूढ़ मोदी सरकार के सीनियर अधिकारियों ने कठोर बयान दिए थे। उसके एक प्रवक्ता ने बी.बी.सी. को दुनिया का सबसे भ्रष्ट संस्थान बताया था।

जब यह पूछा गया कि ब्रिटिश सरकार बी.बी.सी. की आयकर रेड्स के बारे में ना सही, लेकिन क्या वह बी.बी.सी. की आलोचना को लेकर उसका बचाव करेगी, तो विदेश मंत्री डेविड रूटली ने कहा कि "बी.बी.सी. की परेशानियों में हम उसके साथ हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि "हम बी.बी.सी. को फण्ड्स देते हैं। हमारा मानना है कि बी.बी.सी. वर्ल्ड सर्विस जीवन आधार है। हम चाहते हैं कि बी.बी.सी. अपनी संपादकीय स्वतंत्रता बरकरार रखे। वह हमारी आलोचना करती है, वह लेबर पार्टी की आलोचना करती है और उसके पास जो स्वतंत्रता है, उसको हम काफी महत्वपूर्ण मानते हैं।"

मंत्री ने आगे कहा कि "स्वतंत्रता ही चाभी है और हम संवाद करने में समर्थ होना चाहते हैं, जो कि भारत सरकार सहित पूरी दुनिया में हमारे दोस्तों के लिए महत्वपूर्ण है।"

जयशंकर ने डॉक्यूमैन्टरी के रिलीज होने के समय को लेकर प्रश्न उठाते हुए इसे "अन्य माध्यमों के जरिए" राजनीति की संज्ञा दी थी और इस तथ्य का हवाला दिया था कि मोदी अगले साल भारत के लोकसभा चुनाव में अपने तीसरे कार्यकाल के लिए मैदान में उतरेंगे।

मंत्री ने ए.एन.आई. को कहा था कि "मेरे कहने का मतलब है कि, यदि आपको लगता है कि डॉक्यूमैन्टरी का रिलीज होना आकस्मिक है? तो मैं आपको एक बात बताना चाहूंगा कि मुझे यह पता नहीं है कि भारत और दिल्ली में चुनावी माहौल शुरु हुआ या नहीं, किन्तु एक बात निश्चित है कि यह लंदन और न्यूयॉर्क में शुरु हो चुका है।"

- **विदेश मंत्री का यह भी कहना था कि, मीडिया को कवरेज करने के लिये पूर्ण स्वतंत्रता होनी चाहिये।**
- **"हम बी.बी.सी. को फण्ड करते हैं, पर उसके सम्पादकीय कामकाज में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। बी.बी.सी. हमारी (ब्रिटेन की सरकार की ) सांसद व अफसरों की और लेबर पार्टी की भी समय-समय पर सख्त आलोचना करती आई है।**

उन्होंने यह भी कहा कि "हम सिर्फ किसी डॉक्यूमैन्टरी या किसी ऐसे भाषण पर बहस नहीं कर रहे हैं जो यूरोप के किसी शहर में किसी ने दिया हो, या किसी न्यूज़ पेपर ने कहीं पर कुछ एडिट किया है, हम वास्तव में राजनीति पर बहस कर रहे है, जो जाहिर तौर पर एक मीडिया के जरिए जा रही है।"

भारत में मोदी के विरोधियों के साथ ही पत्रकारों और दक्षिणपंथी समूहों ने टैक्स सर्वेज़ की भर्त्सना करते हुए इसे देश के मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रहार बताया था।

लेबर पार्टी के शांति व निशस्त्रीकरण की शैडो मिनिस्टर फैबियान हैमिस्टन ने बी.बी.सी. कर्मचारियों को रेड्स के दौरान पूछताछ के लिए रातभर रोकने का लेकर चिन्ता प्रकट की।


उन्होंने कहा कि "मीडिया फ्रीडम वाले किसी वास्तविक लोकतांत्रिक देश में आलोचना को अनावश्यक रूप से नहीं रोका जा सकता तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की हर कीमत पर रक्षा की जानी चाहिए।"

"हम खासतौर पर उन खबरों को लेकर चिन्तित हैं जिनमें बताया गया है कि बी.बी.सी. के स्टाफ को रात भर अपने कार्यालयों में रूकने के लिए बाध्य किया गया और उनसे भारी-

(शेष पृष्ठ 5 पर)








# 10 लाख रुपए की हरियाणा निर्मित अवैध शराब पकड़ी

## पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया

**बान्दनवाड़ा, (निसं)।** भिनाय पुलिस ने गुरुवार को अवैध शराब के ट्रक को पकड़ कर बड़ी कार्रवाई की। हाईवे पर नाकेबंदी के दौरान पकड़ी शराब विभिन्न ब्रांड की शराब की लगभग 110 पेटियां जप्त की। बरामद पेटीयों की क़ीमत करीब 10 लाख रुपए की बताई जा रही है। भिनाय पुलिस ने ट्रक चालक

- **ट्रक में नैपकिन के डिब्बों के बीच शराब हरियाणा से गुजरात की ओर ले जाई जा रही थी**

बख़्ताराम मेघवाल जोधपुर निवासी को गिरफ्तार किया। भिनाय थानाअधिकारी विनोद मीणा ने बताया की ट्रक में नैपकिन के डिब्बों के बीच शराब हरियाणा से गुजरात की ओर ले जाई जा रही थी। भिनाय थानाधिकारी विनोद मीणा के साथ सहायक उप निरीक्षक गिरधारी सिंह, हैड कांस्टेबल बनवारी लाल, कानि. शंकर व बजरंग सिंह ने मिलकर कार्यवाही को अंजाम दिया।



भिनाय पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर चालक को दबोचा।

# हथकढ़ शराब के खिलाफ कार्रवाई, वॉश नष्ट किया



पुलिस ने अवैध हथकढ़ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के शिवदासपुरा थाना अंतर्गत पुलिस ने अवैध हथकढ़ शराब रोकथाम को लेकर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से 560 लीटर हथकढ़ शराब जप्त करते हुए करीब 12000 लीटर वॉश को नष्ट किया और अवैध शराब बनाने के काम की जाने वाली सामग्री को जब्त किया है। इसके साथ ही कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया जिसकी पुलिस को तलाश जारी है।

आई.पी.एस. पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि जयपुर दक्षिण के समस्त थानाधिकारियों को क्षेत्र में होने वाले समस्त प्रकार के अवैध कार्यों पर कड़ी निगरानी रखते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त भरत लाल मीणा एवं सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. संध्या यादव के सुपरविजन में

- **कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी फरार**

थानाधिकारी कैलाशचन्द्र डोई शिवदासपुरा के नेतृत्व टीम गठित कर मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए सीतापुरा नदी और बगरीया नदी में देशी हथकड़ शराब बनाने वाली अलग-अलग जगहों पर कार्यवाही की। वहीं, कार्रवाई की सूचना लगते ही आरोपी नरसिंह पुत्र छीतरमल निवासी सीतापुरा, विनोद पुत्र पेमाराम मीणा निवासी सीतापुरा, रामानंद पुत्र कैलाश मीणा निवासी बगरिया एवं बुद्धाराम पिता कैलाश मीणा निवासी बगरिया मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस को तलाश जारी है।

## लूट का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** इवनिंग वाक के लिए निकले व्यापारी को चाकू दिखा घडी व मोबाईल लूटने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसर 22 फरवरी को पीडित अवि डेम्बला पुत्र राकेश डेम्बला निवासी शिवपार्क कॉलोनी भुपालपुरा ने सूरजपोल पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि सवेरे में गुलाब बाग टहलने के लिए गया था। कमलतलाई के अंतिम छोर पर एक लडका पता पूछने आया। इस दौरान पता बताते समय मोबाईल पर बात कर रहा था। इस पर उसे चाकू निकाल मेरे पेट पर लगा पैसे निकालने को कहा। इंकार करने पर फोन व स्मार्ट वांच लूट कर समोर बाग की तरफ भाग गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर गठित दल ने गौतम पुत्र कुंदन निवासी रावजी का हाटा निवासी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से लूटा गया मोबाईल व घडी बरामद की। आरोपी लूटपाट का आदतन अपराधी है।

# अधिवक्ता जुगराज हत्याकांड: वकीलों का प्रदर्शन जारी

## छह दिन से शव मोर्चरी में रखा हुआ है

**जोधपुर, (कासं)।** अधिवक्ता जुगराज चौहान हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मगर मुआवजा, नौकरी, अधिवक्ता प्रोटेक्श बिल की मांग को लेकर अधिवक्ताओं को धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा। लायर्स एसोसियेशन ने कल खुद को हड़ताल से अलग किया था। मगर आज फिर से शामिल हो गई। हाईकोर्ट नया एवं पुराना परिसर पर वकीलों की तरफ से प्रदर्शन किया गया। वहीं महात्मा गांधी अस्पताल के बाहर भी प्रदर्शन एवं धरना जारी है। वहीं छह दिन से शव मोर्चरी में रखा हुआ है।

- **मुआवजा, नौकरी, अधिवक्ता प्रोटेक्श बिल की मांग को लेकर अधिवक्ताओं को धरना प्रदर्शन जारी**

दोनों एसोसिएशन के अध्यक्ष का कहना है कि परिजनों को सुरक्षा, एक करोड़ की सहायता व आश्रितों को सरकारी नौकरी की मांग है। अधिवक्ता मुख्यमंत्री से भी मिले थे। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देने के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की सहायता राशि व पुलिस प्रोटेक्शन के आदेश नहीं दिए गए। और ना ही मांगें मानी हैं। सोमवार से अभी तक न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी है। फिलहाल हड़ताल नहीं टूटी है। दोनों एसोसियेशनों की तरफ से न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी है। जयपुर में भी वकीलों का आंदोलन शुरू हो गया है।

# 36 घंटे में खुला वृद्ध महिला की हत्या का राज, आरोपी गिरफ़्तार

## आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने एवं मौज-मस्ती करने के लिए हत्या की थी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के फुलियाकला थाना क्षेत्र की डोहरिया पंचायत के सरदारपुरा गांव में बीते 36 घंटे पूर्व हुई एक वृद्ध महिला के साथ लूट कर हत्या करने के मामले का राजफाश करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं हत्या करने के लिए काम लिया गया चाकू एवं लूटे गए चांदी के कड़े भी बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

- **हत्या करने के लिए काम लिया चाकू एवं लूटे गए चांदी के कड़े भी बरामद करने के प्रयास जारी**



फुलिया कलां पुलिस ने वृद्धा की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

शाहपुरा सीओ महावीर शर्मा एवं फूलियाकलां थानाधिकारी दलपतसिंह ने बताया कि 20 फरवरी की रात मे सरदारपुरा गांव की सत्तर वर्षीय महिला नंदू कीर रोजाना की तरह सुबह खेत पर गई लेकिन शाम को घर नहीं लौटने पर परिजनों एवं ठाामीणों ने तलाश शुरू की । परिजनों की तलाश मे 21 फरवरी को सुबह वृद्धा का खून से लथपथ शव एक पक्की नहर के अंदर मिलने पर फूलियाकलां पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर फूलियाकलां पुलिस मौके पर पंहुची। मामला हत्या का होने के चलते भीलवाड़ा एवं अजमेर से एफएसएल, डॉग स्क्वायड एमओबी सहित साईबर टीमें मौके पर बुलाई गई। टीमों ने वारदात का खुलासा करने के लिए साक्ष्य जुटाए। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा आदर्श सिद्धू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा चंचल मिश्रा, शाहपुरा सीओ महावीर शर्मा ने भी मौके पर पहुंच मामले का राजफाश करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए महिला के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सरदारपुरा निवासी शक्तिसिंह राजपूत पुत्र भगवत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

सीओ शर्मा ने बताया कि वृद्ध महिला नंदू देवी जब खेत से वापस घर आ रही थी तो रास्ते मे लूट की नीयत से आरोपी शक्तिसिंह ने वृद्धा का गला चाकू से काटकर उसकी हत्या कर दी थी एवं शव को पास ही गड्ढे में डाल दिया। वृद्धा के देर शाम तक घर नहीं पहुंचने से परिजन एवं ग्रामीण तलाश मे निकलने से आरोपी ने महिला के शव को कंधे पर रखकर पास ही नाहरसागर बांध की नहर जो कि उपर से ढकी हुई है शव को उसमे छुपा दिया तथा मृतका के हाथों मे पहने हुए चांदी के कड़े निकाल लिए एवं पैरों में पहने हुए कडुलिए खोलने का प्रयास किया लेकिन उसमें सफल नहीं हो सका। आरोपी ने अपने उपर हुए कर्ज चुकाने एवं मौज मस्ती करने के लिए रुपयों की आवश्यकता होने के कारण वृद्ध महिला को अपना निशाना बनाया । ओर उसके हाथों मे पहने चांदी के कडे लूट लिए ओर महिला की हत्या कर दी।

# बेकाबू कार ट्रैक्टर-ट्रॉली में भिड़ी, महिला की मौत

## उत्तर प्रदेश से अनूपगढ़ मजदूरी के लिए आए थे

**अनूपगढ़, (निसं)।** तहसील के गांव 87 जीबी के पास देर रात्रि एक ट्रैक्टर और कार की टक्कर होने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। मृतक महिला के शव और घायल महिला को अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां आज गुरुवार को पुलिस के द्वारा मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा गया है।

मृतक महिला 5 बच्चों की मां है और वह मूलत: उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। मृतका के पति की ओर से अनूपगढ़ पुलिस थाने में कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है। मृतका के पति मलखान सिंह ने बताया कि उनके 5 बच्चे हैं। मृतक महिला के पति मलखान सिंह ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और अनूपगढ़ के गांव 87 जीबी में अपनी पत्नी शशि देवी (35) के साथ गांव 87 जी बी में चौधरी

- **हादसे में पांच बच्चों के सिर से उठा मां का साया**

ईट भट्टे पर मजदूरी का कार्य करता है। रात्रि वह अपनी पत्नी शशि देवी और मामी राधा(35) पत्नी कार्तिक राम निवासी, यूपी के साथ ट्रैक्टर ट्राली में लकडियां लेकर आया था और वह रात्रि सड़क के किनारे ट्रैक्टर लगाकर खड़ा कर लकड़ियां उतारने का कार्य कर रहे थे। लकडियां उतारते हुए श्रीगंगानगर से अनूपगढ़ की ओर तेज गति से आती हुई कार उनके ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे मौके पर उसकी पत्नी शशि देवी की मौत हो गई। उसकी मामी राधा गंभीर रूप से घायल हो गई। मलखान सिंह ने बताया कि दुर्घटना होते ही मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई। लोगों ने उसकी पत्नी और मामी को अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## लूट के मामले में दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** हैण्डीक्राफ्ट व्यवसायी को पिस्टल दिखा नकदी लूट के मामले में हिस्ट्रीशिटर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से पिस्टल मय कारतूस जब्त किया। पीडित पठान मो. साहिल पुत्र पठान मुनावर खां निवासी अहमद हुसैन कॉलोनी अम्बामाता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 17 फरवरी रातम में मैं अपनी हैण्डीक्राफ्ट की दुकान से स्कूटी पर चेतक की तरफ जा रहा था। जहां बीच रास्ते में हिस्ट्रीशिटर मो. इस्माईल उर्फ बडा मेवाती तथा इरफान पठान मुझे पिस्टल दिखा कर मेरी जेब से 20 हजार नकदी निकाल ले गए।

# खरका गांव में बारात की निकासी पर पथराव, छह बाराती घायल

**रूदावल, (निसं)।** उच्चैन थाना क्षेत्र के गांव खरका में देर रात्रि को बारात की निकासी के दौरान पथराव की घटना में 6 बाराती घायल हो गए।

घायल दो बारातियों के गंभीर हालात होने के कारण भरतपुर रैफर किया। घटना को लेकर हीरालाल जाटव की ओर से उच्चैन थाना पर नामजद लोगों के खिलाफ बारात पर पथराव करने एवं बारातियों के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया गया है।

उच्चौन थाना प्रभारी पंजाब सिंह ने

- **घायल दो बारातियों को भरतपुर रैफर किया गया**

बताया कि हीरालाल जाटव की ओर से मामला दर्ज कराया है कि बुधवार रात करीब 10.30 बजे बहादुर की बेटी की शादी की बारात की निकासी चल रही थी। बारात गांव में रघुनाथ, बन्नी के घर के सामने से निकल रही थी। इस दौरान रघुनाथ, सीताराम, प्रेमसिंह, धर्मसिंह, बीरेन्द्र, करनसिंह, रामेन्द्र, गुलाबसिंह, पुष्पेन्द्र, धूजीराम, विक्रम, उदयभान, अजीत, जसमत, रमेश, ब्रजमोहन ने बारात पर पथराव कर दिया। रिपोर्ट में बारातियों एवं दूल्हे को पीटने, बारात में शामिल महिलाओं से जेबरात लूटने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि इस घटना में 6 बारातियों को चोटें आई है। दो बारातियों को गंभीर हालात होने के कारण भरतपुर रैफर किया गया है। पुलिस ने घटना को लेकर गजेन्द्र, भानु, पुष्पेन्द्र, अजीत को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# पेयजल की सुचारु व्यवस्था करने की मांग को लेकर धरना जारी

**अनूपगढ़, (निसं)।** पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 20 एलएम के गांव 3 एनएम ढाबा में पेयजल की सुचारु व्यवस्था करने की मांग को लेकर बुधवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया था। गुरुवार को धरने पर कई किसान नेता पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनी। किसान नेता कामरेड श्योपत मेघवाल ने विधायक संतोष बावरी पर क्षेत्र को अनदेखा करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण काफी समय से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन विधायक के द्वारा उनकी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा और ना ही उनकी समस्या का समाधान करवाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से पीने की पानी की सुचारू व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्राम वासियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वाटर वर्क्स की डिग्गी की जर्जर अवस्था होने के कारण डिग्गी में पानी नहीं ठहरता। जिसके कारण ग्रामीण मजबूरी में टैंकरों से पानी की व्यवस्था करवाते है। एक तरफ जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था करने का दावा मौजूदा सरकार कर रही है, वहीं ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। पाइप लाइनिंग का काम तो हुआ है, लेकिन पेयजल स्टोरेज के लिए जो डिग्गी की सुचारू व्यवस्था होनी चाहिए थी वो नहीं है।

धरना स्थल पर पहुंचे किसान नेता

- **गुरुवार को धरने पर कई किसान नेता पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनी**
- **किसान नेता कामरेड श्योपत मेघवाल ने विधायक पर क्षेत्र को अनदेखा करने का लगाया आरोप**

कांग्रेस श्योपत मेघवाल ने अनूपगढ़ विधायक संतोष बावरी पर अपने क्षेत्र का ध्यान नहीं रखने के आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि काफी समय से ग्रामीण विधायक से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन विधायक के द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता है, समस्या का समाधान नहीं करवाया जाता। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। धरना स्थल पर कामरेड श्योपत मेघवाल, पंचायत समिति डायरेक्टर पृथ्वी बुडानिया, पंचायत समिति सदस्य विनोद पंवार, रामस्वरूप जाखड़, नाहरांवाली पूर्व सरपंच ग्राम प्रताप सहित कई किसान नेता पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनी। आज धरने के दूसरे दिन राधे श्याम, नंदराम जाखड़, केसू राम, हीरालाल, छगन, देवीलाल, मगाराम, मनीराम, लालचंद, नेतराम, लक्ष्मण, बलराम, मोहन, रमेश पूनिया सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## कुएं में युवक की लाश मिली

**बस्सी, (निसं)।** कानोता थाना इलाके के विजयपुरा गांव में दुकान के पास बने कुएं में 23 वर्षीय युवक की लाश मिली है। लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

सूचना पर कानोता पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया। मृतक ऋषिराज मीणा मंडावर गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि मृतक ऋषिराज मीणा यहां किसी दुकान पर काम करता था और किराए पर कमरा लेकर पास में ही रहता था। बीती रात को वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। इस दौरान वह पास में बने कुएं के जाल पर

- **कानोता थाना इलाके के विजयपुरा गांव का मामला**
- **किराये पर कमरा लेकर रहता था युवक**

जाकर खड़ा हो गया। जाल टूटने से ऋषिराज मीणा कुएं में गिर गया और उसकी मौत हो गई। कुएं में शव मिलने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने मौके से नमूने एकत्रित किए। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टेक्सटाइल इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भरता और कौशल पर अधिक बल देना होगा : गोयल

## केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भीलवाड़ा में कार्यक्रमों में शिरकत की

**चित्तौड़गढ़/भीलवाड़ा, (निसं)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को लघु उद्योग भारती, भीलवाड़ा द्वारा उद्यमी सम्मेलन शिरकत की। इस अवसर पर भीलवाड़ा सांसद सुभाष बहेड़िया, सांसद सीपी जोशी, सांसद कनकमल कटारा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, विधायक गोपाल लाल शर्मा, विधायक जब्बर सिंह सांखला व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर मेवाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स व इंडस्ट्री के सदस्यगण भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर गोयल ने भारतीय अर्थव्यवस्था एवं निर्यात में एमएसएमई एवं टेक्सटाइल सेक्टर के लिए नवीन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि टेक्सटाइल इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भरता और कौशल पर अधिक बल देना होगा। वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए भी प्रधानमंत्री सहयोग कर रहे हैं। गोयल ने कहा प्रधानमंत्री ने देश को समृद्ध करने और देश को अग्रणी ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गोयल ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाना है और आत्मनिर्भर शक्ति के रूप में महत्वपूर्ण



केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का भीलवाड़ा पहुंचने पर स्वागत किया।

पहचान बनानी है। वस्त्र उद्योग को भी आईटी क्षेत्र की तरह आगे लाने के लिए प्रभावी कदम बढ़ाने होंगे। आज पूरा देश और दुनिया भारत की तेजी से बढ़ती प्रगति की ओर देख रही है।

उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीज को कौशल के लिए समर्थ के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाने पर जोर दें और सभी प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन करवाएं इससे फैक्ट्रियों में कौशल के माध्यम से क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। भीलवाड़ा में वस्त्र उद्योग की संभावनाएं है इससे उद्योग को 40 बिलियन से 100 बिलियन निर्यात को यहां से आगे ले जाया जा सकता है। सभी मिलकर उद्योग क्षेत्र को आगे ले जाने में अपना योगदान दें। गोयल ने कहा कि भारत आज अंतरराष्ट्रीय पटल पर है। सभी मिलकर तकनीक और कौशल के साथ प्रयास करेंगे तो भीलवाड़ा का निर्यात कई गुना बढ़ सकता है। समर्थ की स्कीम का उपयोग करे इससे ट्रेनिंग दिलवाएं। प्रधानमंत्री का विजन रॉ मेटीरियल, फाइबर, फैशन के लिए आगे बढ़कर कार्य करें। भीलवाड़ा में एनआईएफटी का एक्टेंशन खोल सकते हैं। एमएसएमई की योजना के लिए सभी मिलकर प्रस्ताव लाएं। राज्य और केंद्र सरकार मिलकर काम करे तो उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वर्तमान परिदृश्य के मध्य नजर मेवाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स व इंडस्ट्री द्वारा आयोजित सेमिनार में कहा कि विश्व में कई प्रतिशत वस्त्र का काम मैन मेड फाइबर पर आधारित है और इससे अंतर्गत भारत से भी निर्यात होना चाहिए इसमें अपार संभावनाएं है। युवा फैशन से जुड़ी महत्त्वपूर्ण कार्यों के लिए इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। केंद्र, राज्य व उद्योग सभी मिलकर कार्य करें तो कार्य के क्षेत्र में तेज गति से विकास होगा।

# जोधपुर के दो जासूस भाईयों समेत पाक निवासी को 7 साल की सजा

## सामरिक महत्व की सूचनाएं पाकिस्तान पहुंचाने का मामला

**जयपुर** (कासं)। मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट महानगर प्रथम ने सामरिक महत्व की सूचनाएं पाकिस्तान पहुंचाने वाले पाक निवासी अभियुक्त नंदलाल और इस काम में उसकी मदद करने वाले मूलत: पाकिस्तान और हाल हाल जोधपुर निवासी अभियुक्त भाईयों गौरीशंकर और प्रेमचंद को शासकीय गुप्त बात अधिनियम के तहत सात साल की सजा सुनाई है। अदालत ने तीनों अभियुक्तों पर कुल दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

- **अदालत ने तीनों आरोपियों को 7 साल की सजा सुनाते हुए 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया**

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि सीआईडी को सूचना मिली की जैसलमेर में एक व्यक्ति होटल में रहकर सामरिक महत्व की सूचनाएं एकत्र कर पाकिस्तान भिजवा रहा है। सूचना पर पुलिस ने 15 अगस्त 2016 को एक होटल पर छापा मारकर अभियुक्त नंदलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस को तलाशी में भारतीय थल सेना से जुडे गोपनीय दस्तावेज और पाकिस्तानी पासपोर्ट व वीसा की फोटो प्रतियां बरामद हुई। पूछताछ में नंदलाल ने बताया कि उसने पाकिस्तान की आईएसआई के अफसर को देने के लिए जैसलमेर के थईयात आर्मी बेस के भवन, वॉच टावर, हैंगर और हवाई जहाजों के फोटो आदि बनाए थे, जो उसके पास मेमोरी कार्ड में मौजूद हैं। इस पर पुलिस ने मेमोरी कार्ड को भी जब्त किया। वहीं पुलिस ने गौरीशंकर और प्रेमचंद की ओर से नंदलाल के दस्तावेज और सामान अपने पास रखने, अपनी दुकान से मोबाइल उपलब्ध कराने और उसे शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि अभियुक्त नंदलाल को सिर्फ जोधपुर के लिए वीसा मिला था, लेकिन उसने बिना वीसा जैसलमेर में अवैध निवास किया।

इस पर पुलिस ने उसके खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया। पूरी घटना को लेकर सीआईडी के एडी.एसपी राजीव दत्ता ने 18 अगस्त, 2016 को जैसलमेर के कोतवाली थाने में बिना नंबरी एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसे बाद में स्पेशल पुलिस स्टेशन, झालाना, जयपुर को भेज दिया गया।

# राइट-टू-हैल्थ का विरोध कर रहे डॉक्टर्स की सीएम से वार्ता

**जयपुर**। राइट टू हेल्थ बिल का विरोध करे निजी अस्पतालों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से वार्ता की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को डॉक्टरों की परेशानी का एक दो दिन में बैठक कर उनकी परेशानियों का समाधानी करने के निर्देश दिए हैं। ज्वाइंट एक्शन कमेटी की गुरूवार दोपहर को मुख्यमंत्री निवास पर वार्ता हुई। इस दौरान जॉइंट एक्शन कमिटी के चेयरमैन डॉ. सुनील चुग के नेतृत्व में आईएमए मीडिया चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता, अरिसदा के अध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी, आरएमसीटीए के अध्यक्ष डॉ. धनंजय अग्रवाल, हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. शिव राज सिंह राठौड़, आईएमए के एक्टिंग सचिव डॉ. राहुल कट्टा, पीएचएनएस के सचिव डॉ. विजय कपूर, वरिष्ठ ईएनटी चिकित्सक डॉ. अजीत बाफना, जे एम ए के अध्यक्ष डॉ तरुण ओझा, सचिव डॉ. अनुराग शर्मा और फार्मेसी कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिनेश त्रिपाठी वार्ता में शामिल हुए। सीएम ने सीएस उषा शर्मा व प्रिंसीपल सेक्रेटरी सी एम कुलदीप रांका को कहा कि प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोड़ा को साथ लेकर पुन चिकित्सकों के साथ एक दो दिन में बैठक करें।

## लॉरेंस ने रितिक बॉक्सर के बारे में जानकारी दी

**जयपुर**। गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई ने पुलिस पूछताछ में रितिक बॉक्सर सहित अन्य बदमाशें के बारे में कई अहम जानकारी दी है। इसके बाद पुलिस की टीमें उन्हें पकड़ने के लिए सक्रिय हो गई है। गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई से बुधवार को पुलिस मुख्यालय, एटीएस-एसओजी, सेंट्रल आईबी और एनआईए के अधिकारियों ने पूछताछ की है। गैंगस्टर से अब तक पूछताछ में जो सामने आया, उसे अन्य एजेंसियों से साझा किया है। सूत्रों के अनुसार लॉरेंस सभी एजेंसियों को एक साथ देखकर घबरा गया। फिर थोड़ी देर शांत बैठा रहा। उसके बाद एजेंसियों के सवालों के जवाब देने शुरू किए। लॉरेंस ने राजस्थान समेत कई राज्यों में हुई घटनाओं को लेकर कहा कि मैं रिमांड पर रहने के दौरान कैसे किसी पर हमला करवा सकता हूं। हालांकि जब अधिकारियों ने सख्ती से पूछताछ की तो लॉरेंस ने कई राज भी उगले। लॉरेंस ने गैंगस्टर रितिक बॉक्सर के बारे में जानकारी दी है। इसके बाद पुलिस की कई टीमें उसको पकड़ने के लिए निकल गई है। अधिकारियों ने लॉरेंस से उसके विदेश में रहने वाले साथियों और पाक में उसके कनेक्शन पर उससे पूछताछ की।

# कवि डॉ. संजीव कुमार के खंड काव्य 'अश्मा' का लोकार्पण

## आस्था के साथ समयानुसार परिवर्तन स्वीकारा जाए : डॉ. संजीव कुमार

**जयपुर** (कासं)। राही सहयोग संस्थान और डॉ. राधाकृष्णन राज्य पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में प्रख्यात कवि डॉ. संजीव कुमार की काव्यकृति-अश्मा का लोकार्पण किया गया। इस किताब पर व्यापक विमर्श के माध्यम से पौराणिक पात्रों की मौजूदा प्रासंगिकता पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

वरिष्ठ साहित्यकार आलोचक नन्द भारद्वाज ने कहा कि भारतीय आख्यान परम्परा बहुत महत्वपूर्ण रही है। यह समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक समृद्धि की द्योतक है। आस्था में तर्क की गुंजाइश नहीं क्योंकि यह विश्वास से जुड़ी होती है। अहिल्या या ऐसे ही अन्य पौराणिक पात्रों के साथ यही स्थिति है।

- **आस्था में तर्क की कोई गुंजाइश नहीं : नन्द भारद्वाज**



कवि डॉ. संजीव कुमार की काव्यकृति 'अश्मा' का गुरूवार को लोकार्पण किया गया।

डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि जहां तक आस्था का प्रश्न है उसके साथ छेड़छाड़ तो नहीं की जा सकती लेकिन समय के साथ परिवर्तन को भी स्वीकारा जाना चाहिए। उन्होंने अहिल्या के चरित्र के बहाने तत्कालीन जीवन मूल्यों के प्रकटीकरण की बात कही। उन्होंने पुस्तक के कुछ अंश भी पढ़कर सुनाए जिन्हें श्रोताओं ने मनोयोग से सुना।

संपादक समीक्षक गजेंद्र रिझवानी ने कृति की सारगर्भित समीक्षा प्रस्तुत की। जाने माने व्यंग्यकार और कवि फारूक आफरीदी ने डॉ. संजीव कुमार के समग्र लेखन पर प्रकाश डाला। लेखक, चित्रकार और पत्रकार विनोद भारद्वाज ने कहा कि मिथक और वास्तविक चरित्रों की तार्किकता कभी प्रामाणिक नहीं हो सकती। साहित्य समर्था पत्रिका की संपादक नीलिमा टिक्कू का कहना था कि एक व्यस्त संपादक और प्रकाशक का निरंतर और श्रेष्ठ लिखना चकित करता है। आरंभ में राही सहयोग संस्थान के संयोजक प्रबोध कुमार गोविल ने कहा कि बीता समय चर्चा के दायरों से कभी ओझल नहीं होता और इस पर अनौपचारिक बातचीत की संभावना हमेशा बनी रहती है। उन्होंने अतिथि वक्ताओं को वैचारिक साहित्य भी भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन रेनू शब्दमुखर ने किया। अश्मा स्त्री की बजाय पुरूष विमर्श का विषय है। राधाकृष्ण पुस्तकालय की अध्यक्ष डॉ. रेखा यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के विमर्श सामान्य श्रोताओं के लिए साहित्यिक समझ के रास्ते खोलते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के प्रतिष्ठित लेखक एवं साहित्यकार उपस्थित थे। इंडिया नेटबुक्स की डॉ. मनोरमा और कामिनी मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए।

# भूपेन्द्र सारण गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली-अहमदाबाद गया था

**जयपुर**। सैंकेड ग्रेड पेपर लीक मामले में गुरूवार को बैंगलूरू से गिरफ्तार मुख्य आरोपी भूपेन्द्र सारण फरारी के दौरान दिल्ली, अहमदाबाद के अलावा जालोर, बीकानेर, बाड़मेर, अजमेर और फागी आया था।

- **इस दौरान वह जालोर, बीकानेर, बाड़मेर, अजमेर और फागी आकर भी कुछ समय रहा था।**
- **भाजपा सांसद किरोडीलाल मीणा ने कहा है कि भूपेंद्र सारण को एसओजी ने प्लानिंग के तहत पकड़ा है।**
- **मीणा ने आरोप लगाया कि एसओजी के अधिकारी मोहन पोसवाल के नेतृत्व में भूपेन्द्र को पकड़ा, जिसके तार पेपर लीक माफ़ियों से जुड़े हुए है।**

पुलिस पूछताछ में सारण ने बताया कि उदयपुर में पुलिस कार्रवाई होने के बाद उसे लगा कि पुलिस उसका पीछा करेगी। इस पर उसने सबसे पहले जयपुर छोड़ दिया और दिल्ली चला गया। पुलिस कार्रवाई को देखकर उसे डर लगने लगा था। दिल्ली के बाद वह अपने परिचित के यहां अहमदाबाद बस से निकल गया। करीब 25 दिन वह अमहदाबाद रहा। इसके बाद वह फिर राजस्थान लौट आया। इस दौरान वह जालोर, बीकानेर, बाड़मेर, अजमेर और फागी में कुछ दिनों तक रुका। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह दोबारा अहमदाबाद भाग गया। वह इस बार वहां 28 दिन रहा। पुलिस के डर से वह यहां भी ज्यादा समय नहीं रह पाया। यहां से वह अपने परिचित के यहां बैंगलूरू के लिए निकला। जहां पर पुलिस ने उसे धर दबोचा। एसओजी के अनुसार भूपेन्द्र सारण को गिरफ्तार करने की इस पूरी कार्रवाई में एसओजी के एसआई मोहन पोसवाल, एएसआई बृजेश सिंह, हैड कांस्टेबल सचिन भारद्वाज व कांस्टेबल महावीर सिंह की जबकि जोधपुर ग्रामीण पुलिस टीम के सब इंस्पेक्टर लाखाराम, एएसआई देवाराम और कांस्टेबल भवानी चौधरी की अहम भूमिका रही। इसके अलावा बैकएंड पर सभी सूचनाओं का अध्ययन व विश्लेषण करने में एटीएस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिप्रसाद सोमानी और पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डीजीपी ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। मामले के अनुसार उदयपुर पुलिस ने 24 दिसंबर को सुबह सवा तीन बजे एक बस में सवार स्टूडेंट्स और सुरेश बिश्नोई व भजनलाल बिश्नोई को पकड़ लिया था। इसके बाद पेपर लीक का खुलासा हुआ था। जांच में भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका पेपर लीक के मास्टर माइंड निकले थे। तब से दोनों की तलाश की जा रही थी। इसके बाद 10 जनवरी को जेडीए ने जयपुर के अजमेर रोड स्थित रजनी विहार के मकान संख्या 67-सी पर अवैध निर्माण पाए जाने पर धारा 32 का नोटिस जारी किया था। इस नोटिस का जवाब 12 जनवरी तक देने के लिए कहा था। 13 जनवरी को सारण के घर पर कार्रवाई की गई थी।उधर दूसरी ओर भाजपा सांसद डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा है कि इस मामले में भूपेंद्र सारण को एसओजी ने प्लानिंग के तहत पकड़ा है। एसओजी के अधिकारी मोहन पोसवाल को के नेतृत्व में भूपेन्द्र को पकड़ा, जिसके तार पेपर लीक माफ़ियों से जुड़े हुए है। जिसके प्रमाण में पूर्व में दे चुका हूं। किस प्रकार कांस्टेबल भर्ती लीक परीक्षा में ऊदाराम को मुजरिम बनाकर मामले को रफ़ा दफ़ा करने का काम किया। भूपेन्द्र सारण, सुरेश ढाका और मोहन पोसवाल के दोस्ती के प्रमाण मैं पूर्व में दे चुका हूँ। मोहन पोसवाल के सम्बन्ध भूपेन्द्र सारण की महिला मित्र के साथ थे। जब पेपर लीक में भूपेन्द्र सारण फ़रारी काट रहा था तब मोहन पोसवाल का इनके निवास पर आना जाना था। इन दोनों को फरार करवाने में पोसवाल का बड़ा हाथ है।

# सेमीफाइनल की हार के साथ भारत का विश्व कप का सपना टूटा

## ऑस्ट्रेलिया ने 5 रन से हराया



केपटाउन, 23 फरवरी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (52) के अद्धर्शतक और जेमिमा रॉड्रिग्स (43) की विस्फोटक पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में भारत को पांच रन से हराकर एक बार फिर टूर्नामेंट जीतने का उसका सपना तोड़ दिया।

पिछले टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत को मात देने वाली ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (54) और मेग लैनिंग (49) की पारियों की बदौलत भारत के सामने 173 रन का लक्ष्य रखा। हरमनप्रीत-जेमिमा के प्रयासों के बावजूद भारतीय टीम 20 ओवर में 167 रन ही बना सकी।

मूनी ने ऑस्ट्रेलिया के लिये बड़े स्कोर की नींव रखते हुए 37 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ 54 रन बनाये। लैनिंग ने 34 गेंद पर चार चौकों और दो छक्कों के साथ 49 रन की पारी खेली।

बुखार से उठकर मैच खेल रहीं कप्तान हरमनप्रीत ने भारतीय पारी की अगुवाई करते हुए 34 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 52 रन बनाये, जबकि जेमिमा ने 24 गेंद पर छह चौकों के साथ 43 रन की विस्फोटक पारी खेली। हरमनप्रीत-जेमिमा की जोड़ी भारत को जीत की ओर ले जा रही थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने 11वें ओवर में जेमिमा का विकेट निकालकर भारत को झटका दिया। हरमनप्रीत ने इसके बाद भी विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन 15वें ओवर में उनके दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट के साथ भारत का टी20 विश्व कप जीतने का सपना चकनाचूर हो गया।

पांच बार की टी20 विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपना छठा खिताब जीतने से सिर्फ एक कदम दूर है। रविवार को होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका में से किसी एक से होगा।

ऑस्ट्रेलिया के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दोनों सलामी बल्लेबाजों के बाद तीसरे नंबर का खिलाड़ी भी दहाई का आंकड़ा छुए बिना आउट हो गया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (नौ) और स्मृति मंधाना (दो) पगबाधा आउट हुए, जबकि यास्तिका भाटिया (चार) रनआउट होकर पवेलियन लौट गयीं।

हरमनप्रीत और जेमिमा ने शुरुआती झटकों के बाद भी तेजी से रन जोड़ना जारी रखा। दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में 59 रन जोड़ लिये। हरमनप्रीत-जेमिमा ने चौथे विकेट के लिये 69 रन की साझेदारी करके भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने जेमिमा का विकेट लेकर मैच में वापसी की।


जेमिमा के आउट होने के बाद कुछ देर के लिये रनगति धीमी पड़ी लेकिन 14वें ओवर में हरमनप्रीत और ऋचा घोष एक-एक चौका लगाकर पारी को फिर से पटरी लाईं। हरमनप्रीत ने अगले ओवर में दो चौके जड़कर अपना अद्धर्शतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हो गयीं। हरमनप्रीत इस गेंद पर दूसरा रन लेते हुए क्रीज़ के करीब आ गयी थीं, लेकिन बल्ला पिच पर फंसने के कारण वह क्रीज़ तक नहीं पहुंच सकी।

कप्तान हरमनप्रीत के विकेट के बाद ऑस्ट्रेलिया का भाग्य खुल गया और उसने मैच को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में कर लिया। अगले ही ओवर में ऋचा घोष भी 17 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हो गयीं।

भारत को आखिरी दो ओवरों में 20 रन चाहिये थे। जेस जॉनसन ने 19वें ओवर में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए सिर्फ चार रन दिये और स्नेह राणा (11) विकेट भी लिया। दीप्ति शर्मा (17 गेंद, 20 रन) के प्रयास के बावजूद भारत आखिरी ओवर में 10 रन ही जोड़ सका।

# भारत दौरे पर मैक्सवेल, मार्श की वनडे टीम में वापसी





मेलबर्न, 23 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के विरुद्ध मार्च में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के लिये ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श को टीम में शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

मार्श को टखने की सर्जरी के कारण तीन महीने के लिये क्रिकेट से दूर कर दिया गया था, जबकि मैक्सवेल नवंबर में एक दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में अपना पैर फ्रैक्चर करवा बैठे थे। मैक्सवेल अपनी सर्जरी और रिहैब से गुज़रने के बाद फिलहाल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विक्टोरिया के लिये खेल रहे हैं, जबकि मार्श इस सप्ताहांत लिस्ट-ए क्रिकेट में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिये खेल सकते हैं। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच जारी टेस्ट सीरीज के समापन के बाद मुंबई (17 मार्च), विशाखापटनम (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में होने वाले एकदिवसीय मुकाबलों के जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे।

सीए ने बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के बाद घर लौटने वाले डेविड वॉर्नर भी एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगे। वॉर्नर को दूसरे टेस्ट के दौरान कंकशन और कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर होने के कारण ऑस्ट्रेलिया लौटना पड़ा था। नवंबर में इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले ट्रैविस हेड भारत में भी वॉर्नर के साथ सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं।

भारत के विरुद्ध टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके तेज गेंदबाज जॉश हेज़लवुड वनडे सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि जून में इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाली एशेज़ टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए हेज़लवुड को आराम दिया गया है। बेली ने कहा, जॉश का इस सीरीज में खेलना बहुत अच्छा होता लेकिन हमने इंग्लैंड दौरे को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरती है जहां वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बेली ने कहा, विश्व कप सिर्फ सात माह दूर है और भारत में ये मैच हमारी तैयारी का अहम हिस्सा हैं। ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल मार्श और झे रिचर्डसन संभवत: अक्टूबर में हमारी टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से ठीक पहले सितंबर में भी एक बार भारतीय सरजमीन पर वनडे सीरीज खेली।

**ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), शॉन एबॉट, एश्टन आगर, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झे रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉइनिस, डेविड वार्नर, एडम ज़ैम्पा।

**भारतीय स्क्वाड :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, के एल राहुल, ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट। (कप्तान रोहित पारिवारिक कारणों से पहले वनडे में नहीं खेलेंगे।)।

# 2024 तक क्रिकेट खेलना चाहते हैं वॉर्नर



सिडनी, 23 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने गुरुवार को कहा कि अगर चयनकर्ता उन्हें टेस्ट टीम से बाहर भी कर देते हैं तो वह 2024 तक सीमित ओवर क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे।

वॉर्नर ने भारत से लौटने के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं 2024 तक खेलने वाला हूं। अगर चयनकर्ताओं को लगता है कि मैं टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लायक नहीं हूं, तो ठीक है। मैं सीमित ओवर क्रिकेट में मेहनत कर सकता हूं। गौरतलब है कि वॉर्नर को कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के बाद ही स्वदेश लौटना पड़ा।

वॉर्नर यहां तीन पारियों में क्रमशः एक, 10 और 15 रन ही बना सके। दिल्ली टेस्ट की दूसरी पारी में वॉर्नर चोट की वजह से बल्लेबाजी नहीं कर सके और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने उनके स्थान पर ट्रैविस हेड से ओपनिंग करवाई। भारत में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद वॉर्नर को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाली एशेज़ टेस्ट सीरीज में खेल सकेंगे। वॉर्नर ने कहा, मेरे पास अगले 12 महीने हैं। टीम के सामने बहुत सारी क्रिकेट है। अगर मैं रन बनाता रहूंगा और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा तो वह टीम के लिये अच्छा होगा। जब आप 36 या 37 साल के होते हैं तो (आलोचकों के लिये) आपको निशाना बनाना आसान होता है। मैंने पुराने खिलाड़ियों के साथ भी ऐसा होते देखा है।

गौरतलब है कि वॉर्नर खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपनी लय हासिल नहीं कर सके हैं और पिछले तीन सालों में उन्होंने सिर्फ एक शतक जड़ा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर होने के बाद वॉर्नर 17 मार्च से शुरू होने वाली एकदिवसीय शृंखला के लिये पुनः भारत लौटेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद उनके एशेज़ टेस्ट सीरीज में खेलने की उम्मीद है। पांच मैचों की टेस्ट शृंखला 'एशेज़' की शुरुआत बर्मिंघम के एजबैस्टन में 16 जून से होगी।

## हनी बेसोया दूसरे स्थान पर, यानिक पॉल शीर्ष पर

गुरूग्राम, 23 फरवरी। भारतीय गोल्फर हनी बेसोया छह अंडर 66 के शानदार कार्ड से गुरूवार को यहां इंडियन ओपन के शुरूआती दिन ज्यादातर समय बढ़त बनाने के बावजूद दूसरे स्थान पर चल रहे हैं जबकि जर्मनी के यानिक पॉल ने अंत में बर्डी लगाकर 65 का कार्ड खेला और एक शॉट से बढ़त हासिल की।हनी बेसोया ने आठ बर्डी लगायी और एक डबल बोगी की जबकि पॉल 15 से 18 होल तक चार बर्डी लगाकर पहले स्थान पर पहुंच गये। फिनलैंड के गोल्फर मिको कारहोनेन पांच अंडर 67 के कार्ड से अकेले तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। हनी भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर चल रहे हैं, दो बार के डीपी वर्ल्ड (यूरोपीय टूर) के विजेता शुभंकर शर्मा और अंगद चीमा चार अंडर 68 के कार्ड खेलकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। साथी भारतीयों में एम धर्मा और मनु गंडास 70 का कार्ड खेलकर संयुक्त आठवें स्थान पर हैं।

# मार्करम बने सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान

नयी दिल्ली, 23 फरवरी। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र की शुरुआत से पहले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम को टीम की कमान सौंपी है। फ्रैंचाइजी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। हैदराबाद ने दिसंबर 2022 में पूर्व कप्तान केन विलियम्सन को टीम से रिलीज़ कर दिया था, जिसके बाद मार्करम को इस जिम्मेदारी के लिये चुना गया। मार्करम हाल ही में समाप्त हुए एसए20 टूर्नामेंट को जीतने वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप के कप्तान थे। साथ ही वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर रहे।

गौरतलब है कि विलियम्सन पिछले साल आईपीएल में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सके थे। उन्होंने टूर्नामेंट में 13 मैच खेलकर 19.64 की औसत और 93.51 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 216 रन बनाये थे। विलियम्सन को अपने बच्चे के जन्म से पहले आखिरी लीग मैच छोड़कर न्यूजीलैंड लौटना पड़ा था, जिसके बाद वरिष्ठ तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने टीम की कमान संभाली थी। मार्करम ने एसए20 में अपनी शानदार फॉर्म को भुनाते हुए बतौर कप्तान और बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने टूर्नामेंट में 127 के स्ट्राइक रेट से 369 रन बनाने के अलावा 11 विकेट भी चटकाये और अपनी टीम को एसए20 का पहला संस्करण जितवाया। इसके अलावा मार्करम भारत के अग्रणी टूर्नामेंट में भी दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं।

## सार-समाचार

### संगठन को करें मजबूत, केंद्र की योजनाओं का लाभ दिलवाएं : ढूकिया

**झुंझुनूं, (निसं)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि भाजपा देश में सबसे बड़ी पार्टी उभरकर खडी हुई है। भाजपा में संगठनात्मक निर्णय कार्यकर्ताओं की राय के अनुसार ही लिए जाते है तथा एकमात्र भाजपा की पूरी तरह से लोकतांत्रिक निर्णय लेकर कार्य करती है। उन्होंने भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों, गतिविधियों से अवगत करवाकर संगठन से जुड़ने व उसे मजबूत बनाने की बात कही। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने का आव्हान किया। वे गुरूवार को गावं नूआं, भोजासर, सैंसवास व सिरियासर सहित दर्जनभर गांवों का तूफानी दौरा कर किसानों व ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जनविरोधी है। भाजपा कार्यकर्ताओं को हर मोर्चे पर सरकार का विरोध करने, गलत निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने व आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा को बहुमत दिलाने के लिए कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सेवा, संकल्प व समर्पण की भावना से देश में कार्य कर रही है। साथ ही प्रत्येक नागरिक के कल्याण व मां भारती का वैभव बढ़ाने के लिए कार्यकर्ता संकल्पित है।

# अवैध खनन से निकले लोहा अयस्क से भरे डंपर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं) प्रतिबंधित क्षेत्र से अवैध खनन कर राजस्थान से हरियाणा परिवहन कर ले जा रहे लोहा अयस्क से भरे डंपर सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सीआई विनोद सांखला ने बताया कि खेतड़ी प्रतिबंधित खनन क्षेत्र से अवैध खनन कर राजस्थान से हरियाणा परिवहन कर दो आरोपियों को डंपर सहित गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चल रहा है। जिसके अंतर्गत कुछ दिन पूर्व अवैध बजरी खनन करने के मामले में दो डंपर जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

वहीं मुखबिर की सूचना पर रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि रामकुमारपुरा के पास अजीतपुरा की तरफ से लोहा अयस्क से भरा एक डंपर अवैध खनन कर हरियाणा ले जाया जा रहा है। जिस पर मय जाब्ते के मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई। इस दौरान डंपर चालक पुलिस को आता देख तेज गति से वाहन चलाकर भागने लगे। मौके पर मची भागा दौडी को देखते हुए घेराबंदी कर ढाणी जाटवाली अजीतपुरा के पास मुख्य सड़क पर डंपर को रुकवाया तो डंपर चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

लोहा अयस्क से भरे पत्थर के बारे में कोई लाइसेंस नहीं होने की बात सामने आई। जिस पर डंपर को जप्त कर हरियाणा मेवात जलालपुर सोना तावडू निवासी आबिद अली व रामकुमारपुरा के नरेश मीणा को गिरफ्तार कर लिया। मामले की गहनता से जांच कर दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेंजर विजय कुमार ने बताया कि अवैध खनन कर प्रतिबंधित क्षेत्र से हरियाणा ले जाए जा रहे लोहा अयस्क के पत्थरों के मामले में खेतड़ी पुलिस के द्वारा मिली सूचना के अनुसार वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बाजार मूल्य भाव को देखते हुए आरोपियों पर लाखों रुपए की पेनल्टी लग सकती है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 27/2023

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि प्रार्थी श्री देवीसिंह पुत्र श्री शेर सिंह निवासी हाल सी-148, मनाना हाउस, दशरथ मार्ग, हनुमान नगर, सामुदायिक केन्द्र के सामने, वैशाली नगर, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास राधे-कृष्ण विश्राम भवन सुदामा ट्रस्ट, खाटूश्याम जी, तहसील दांतारामगढ जिला सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 26.04.2023

मोहर अदालत

**सहायक आयुक्त (द्वितीय)**
**देवस्थान विभाग जयपुर**

## सेवार्थ विशाल सेवा शिविर आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के दिव्यांग भाई-बहनों के सहायतार्थ नारायण सेवा संस्थान द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से परम पूज्य मुनि जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर सुनील पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन व लॉयंस क्लब झुंझुनूं के सहयोग से 24 फरवरी शुक्रवार को सुबह 9 बजे से विशाल निशुल्क दिव्यांग ऑपरेशन, जांच, सहायक उपकरण वितरण एवं कृत्रिम अंग माप शिविर पंचदेव मंदिर के पास मुनि आश्रम अतिथि भवन में लगाया जा रहा है। शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, शिविर प्रभारी लालसिंह प्रदीप पाटोदिया एवं अंकित पाटोदिया सहित अन्य सेवाभावी कार्यकर्ता प्रयासरत है।

## शिविर में 72 मरीजों की निःशुल्क जांच की

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना मोदी धर्मशाला के पिछे जांगिड़ हॉस्पीटल एवं एवं ट्रोमा सेन्टर, में गुरुवार को निःशुल्क बोन मिनरल डेन्सिटी जाँच शिविर लगाया गया। इस निःशुल कैम्प में दूर-दराज से आए 72 मरीजो की बोन मिनरल डेन्सिटी की जांच की गई।

अस्थि घनत्व की जांच के बाद डॉ. राजेश जांगिड़ वरिष्ठ हड्डी एवं जोड रोग, विशेषज्ञ एवं डॉ. मौसमी जांगिड़ दंत रोग, विशेषज्ञ ने निःशुल्क परामर्श दिया। जिन मरीजों की बी एम.डी. कम थी उनको केल्सियम, विटामिन डी. 3. धूप सेवन, संतुलित आहार एवं योग करने की सलाह दी, ताकि बी. एम.डी. में सुधार हो सके। कम बी एम डी वाले मरीजों की हड्डियां कमजोर होती है जिससे जोड दर्द, मांशपेशी दर्द, कमर दर्द एवं हड्डियों के फेक्चर होने की संभावना ज्यादा होती है।

# जिला स्तरीय कृषि मेला और किसान सम्मान समारोह आयोजित

**चिड़ावा** (निसं)। रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान की ओर से डालमिया खेलकूद परिसर में जिला स्तरीय कृषि मेला और किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति डॉ. बलराज सिंह थे। अध्यक्षता प्रवासी उद्योगपति रघुहरि डालमिया ने की और विशिष्ट अतिथि कृषि विश्वविधालय, बीकानेर के पूर्व निदेशक डॉ. हनुमान प्रसाद, नाबार्ड के जिला प्रबंधक राजेश मीना थे।

मेले में अन्नदाताओं की आर्थिक समृद्धि के लिए नवीनतम ज्ञान और तकनीक पर आधारित विभिन्न कृषि उपयोग में आने वाली मशीनरी, उपकरणों, कृषि आदानों व उन्नत किस्म के पशुओं का प्रदर्शन किया गया। बडी संख्या में किसानों ने मेले का अवलोकन किया। क्षेत्र के किसानों ने फसल प्रदर्शनी में भी भाग लिया।

कृषि संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने कहा कि किसानों को अपनी आय बढाने के लिए नवीन अनुसंधानों का लाभ लेना होगा और कम पानी वाली फसलों की बुवाई करने के साथ ही वर्षाजल संरक्षण की पद्धितयां अपनानी होगी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें खाद्यान की मात्रा वृद्धि पर जोर देने के साथ ही खाद्यानों की पौष्टिकता पर ध्यान देना होगा।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राजेश मीना ने नाबार्ड द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस उपनिरिक्षक सुरेश शर्मा, विकास अधिकारी रणसिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रवासी उद्योगपति एंव ट्रस्टी रघुहरि डालमिया ने कहा कि ऐसे मेलों के माध्यम से किसानों को नवीनतम तकनीकी एंव अनुसंधानों के आधार पर तैयार किये गये कृषि उपकरणों, अधिक उपज देने वाले बीजों, विभिन्न प्रकार की खादों और अन्य कृषि संबधी उत्पादों की जानकारी मिलती है जिसे वे इन नवीन पद्धितयों व उपकरणों को अपनाकर अपनी आय बढा सकते है।

रिटायर्ड कृषि विभाग के निदेशक डॉ सहदेव सिंह ने कृषि की नई तकनीक की जानकारी दी। किसानों को कम पानी के लिए धान्या बाजरा एमपी 7878 व मूंगफली वेस्टर्न किंग 666 के बारे मैं जानकारी दी। उद्यान विभाग से शीशराम जाखड़ ने बगीचों के बारे में जानकारी दी। रतेरवाल सीड्स के कृष्ण कुमार शर्मा ने किसानों को अच्छी किस्म के बीज काम में लेने की सलाह दी। मेले में विभिन्न विभागों की स्टॉल लगी। जिसमें रेलीज इंडिया लिमिटेड ( धान्या सीड्स) को प्रथम स्थान मिला। डालमिया ट्रस्ट द्वारा सुरजीत ढिल्लन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान होशियार सिंह जलयोद्धा, ग्राम विकास समिति नरहड़ को सवर्श्रेष्ठ ग्राम विकास समिति और पीजीएस ग्रीन का प्रमाण पत्र तथा 5 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा फसल प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों और स्टाल के सवर्श्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मेले में आने वाले किसानों के किये गये पंजीयन में से 5 को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अंत में संस्थान सलाहकार निरंजन सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया। संस्थान के परियोजना प्रबंधक भूपेन्द्र पालीवाल ने संस्थान की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि संस्थान वर्ष2004 से संस्था किसानों की समृद्धि के साथ-साथ वर्षा जल संरक्षण और पयार्वरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही है।

## मेला बूथों का निरीक्षण किया

**सीकर** (निसं)। लखदातार के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सा विभाग की ओर से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा और सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके लिए विभाग की ओर से 67 चिकित्सकों सहित 324 चिकित्सा कर्मियों को तैनात किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से मेले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग अलग स्थानों पर बूथ स्थापित किए गए।

**न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश, चिड़ावा**

**चन्द्रावली** बनाम **हर खास व आम**

**प्रकरण संख्या 10 संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890**

मु.नं. 8/22

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता ई कि आवेदिका चन्द्रावली ने इस न्यायालय में यह आवेदन पत्र इस आशय का पेश किया है कि उसका पुत्र अशोक कुमार जन्म से 60 प्रतिशे अधिक (Un Sound Mind) है तथा अविवाहित उसकी देखभाल भी आवेदिका करती है। अशोक कुमार के नाम ग्राम कुलोड़ खुर्द के खसरा नम्बर 60 में 1/24 हिस्सा है तथा ग्राम रूपपुरा के खसरा नम्बर 181/37 व 25 में से 1/4 हिस्सा है। आवेदिका ने अपने पुत्र अशोक कुमार पुत्र वेदप्रकाश जाति जाट निवासी सरदारपुरा तहसील चिड़ावा के शरीर व सम्पति की सुरक्षा के लिए संरक्षकता प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पेश किया है। किसी को उज्र हो तो दिनांक 31.03.2023 को पेश होकर पेश करे।

आज दिनांक 17.02.2023 न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**रीडर**
**अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, चिड़ावा जिला झुंझुनूं (राज.)**

# पेयजल किल्लत को लेकर एसडीएम के सामने महिलाओं ने मटके फोड़े

**सुजानगढ** (कासं)। सुजानगढ में गर्मी का मौसम शुरू होते ही पेयजल किल्लत से लोग परेशान होने लगे हैं। भोजलाई रोड स्थित ढाणियों में रहने वाली महिलाएं उपखंड कार्यालय पर पहुंची और कॉमरेड रामनारायण रूलानिया के नेतृत्व में मटका फोड प्रदर्शन किया। नायकों की ढाणियों से आई महिलाओं ने बताया कि 8 महीनो से पीने का पानी नहीं मिल रहा है और प्रशासन की नींद नहीं खुल रही है। इसलिए आज मजबूर होकर मटकाफोड प्रदर्शन किया गया है। एसडीएम मूलचंद लूणिया ने जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि बच्चे नहा नहीं पाते, हमारा समाधान किया जावे। इस दौरान एडवोकेट बनवारी लाल बिजारणीया, मोहनी देवी सहित अनेक महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।




सुजानगढ़ के उपखंड कार्यालय के सामने महिलाओं ने मटके फोड़े।

## नगदी लूटने के आरोपी गिरफ्तार

**सुजानगढ** (कासं)। बीदासर से सुजानगढ बारात में आये युवक पर लूट के लिये चाकू से हमला कर हत्या करने के प्रयास में कोतवाली पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरूद्ध किया है। सीआई मुकुट बिहारी मीणा ने बताया कि बीदासर निवासी कैलाश माली 21 फरवरी को सुजानगढ बारात में आया था। जिससे मोबाईल व नगदी लूटने के लिये पारीक भवन के पास सुमित(19) पुत्र राकेश वाल्मीकि, सोनू पुत्र सुरेश वाल्मीकि, संदीप पुत्र बाबूलाल वाल्मीकि व एक अन्य किशोर ने चाकू मारकर मोबाईल व नगदी लूटने के लिये हत्या का प्रयास किया था। जिस प्रकरण में सीआई मुकुट बिहारी मीणा के निर्देशन में हैड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह, कांस्टेबल विक्रम, राजकुमार, महावीर प्रसाद, ड्राईवर संजय, दौलाराम, विक्रम कुमार, कांस्टेबल गायत्री ने कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**विवाद्कों के स्थिरिकरण के लिये सम्मन**

आदेश 5 के नियम 1 व 5

**न्यायालय सिविल न्यायाधीश, चूरू**

न.मु. सन 2020

**नारायण सिंह आदि**
बनाम
**नगरपरिषद आदि**

दावा बाबत- **स्थाई व्यादेश**

**नोटिस** बनाम **सर्वसाधारण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादीगण नारायण सिंह आदि ने इस न्यायालय में वाद दायर किया था कि वार्ड नम्बर 18 चूरू में नगरपरिषद चूरू द्वारा गलत रूप से बनाई जा रही सड़क को रोका जावे। तत्पश्चात उक्त वादीगण उक्त वाद को न्यायालय की आज्ञा से प्रत्याहरत करना चाहते है। इस बाबत किसी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो, तो वह इस न्यायालय में तारीख 28 माह 2 सन 2023 को दिन में 10.00 बजे ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये स्वयं या अपने प्लीडर के द्वारा अपनी उजर व आपत्ति पेश करे अन्यथा आपको बिना सुने उक्त वाद का जरिये प्रत्याहरत फैसला कर दिया जावेगा।

यह नोटिस आज दिनांक 23 माह 02 सन 2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**न्यायालय सिविल न्यायाधीश, चूरू**

## शिलान्यास किया

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने ग्राम पंचायत भूदोली से आगवाड़ी फाटक (एस.एच. 37 बी) तक 54 लाख रूपए की लागत से 2.00 कि.मी. बनने वाली सडक का शिलान्यास किया।

# राजू ठेहठ की हत्या करने के बाद हरड़िया में फायरिंग करने का मामला

**खेतड़ी,** (निसं)। सीकर में राजू ठेहट की हत्या करने के बाद हरडिया में फायरिंग की वारदात को अंजाम देने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को कडी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया गया।

आरोपी को खेतडी पुलिस ने फायरिंग के मामले में प्रोक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। जिसे घटनास्थल की तस्दीक करवाने के बाद कोर्ट में ले जाया गया। सीआई विनोद सांखला ने बताया कि 3 दिसंबर को सीकर में गैंगस्टर राजू ठेठ की कुछ युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या की वारदात होने के बाद सीकर व झुंझुनूं की पुलिस ने आरोपियों को पकडने के लिए दोनों जिलों में हथियारबंद जवानों की नाकाबंदी करवाई गई थी।

इस दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि वारदात के आरोपी खेतडी थाना क्षेत्र में आए हुए हैं। जिस पर पुलिस ने सीकर सीमा से सटे खेतडी थाना इलाके में ए श्रेणी की नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान क्रेटा गाडी में सवार होकर आए युवकों ने बबाई चैक पोस्ट के पास नाकाबंदी तोडकर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने जब आरोपियों का पीछा किया तो उन्होंने हरडिया में सड़क निर्माण कार्य कर रही लेबर को हटाने के लिए फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी हवाई फायर करने के बाद मौके से फरार हो गए थे। जिसको पुलिस ने दूसरे दिन खनन क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।

सीआई ने बताया कि आरोपी सिरोही निवासी मनीष उर्फ बच्चियां को प्रोटक्शन वारंट पर लाया गया है। इस दौरान आरोपी से 3 दिसंबर को की गई वारदात की मौका स्थल पर ले जाकर तस्दीक करवाई गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा और भी वारदातों की जानकारी जुटाई जा रही है।

राजू ठेहठ की हत्या में शामिल आरोपी को खेतडी लाया गया तो पुलिस को थाने को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस की ओर से हथियार बंद जवान थाने की सुरक्षा में लगाए गए। इस दौरान खेतडी, खेतडीनगर, मेहाड़ा, आरएसी, क्यूआरटी कमांडो हथियारबंद जवानों की तैनाती की गई तथा कडी सुरक्षा के बीच उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है। आरोपी मनीष उर्फ बच्चियां ने राजू ठेठ की हत्या करने के आरोपियों को गोली चलाने की ट्रेनिंग भी दी थी। सीआई ने बताया कि आरोपी से खेतडी क्षेत्र में हथियारों की खरीद-फरोख्त के मामले में भी गहनता से जानकारी जुटाई जा रही है।



सीकर में राजू ठेहट की हत्या करने के बाद हरडिया में फायरिंग की वारदात को अंजाम देने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय तहसीलदार सरदारशहर**

क्रमांक- - भू-अ/2023/688 दिनांक 21-02-2023

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गणेशाराम पुत्र परमाराम जाति जाट निवासी थिरियासर तहसील सरदारशहर ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि रोहि मौजा बुकनसर छोटा में खेत खसरा नं. पुराना 13 तादादी 39 बीघा 04 बिश्वा नया 19 तादादी 9.9100 है. व खेत खसरा नं. पुराना 29 तादादी 9 बीघा 16 बिश्वा नया 37 तादादी 2.4800 है, भूमि जो परमाराम पुत्र सुखाराम जाति जाट निवासी थिरियासर के नाम 1/2 हिस्सा खातेदारी दर्ज है। खातेदार परमाराम पुत्र सुखाराम ने उक्त भूमि दिनांक 15.04.2013 को प्रार्थी व प्रार्थी के भाईयों के नाम वसीयत लिखकर पंजिकृत करवा दी। वसीयतकर्ता का देहांत दिनांक 04.10.2022 को हो गया। प्रार्थी उक्त वसीयत के आधार पर अपने नाम नामान्तरकरण दर्ज और तस्दीक करवाना चाहते है। प्रार्थी का आवेदन इस कार्यालय में लम्बित है। अतः इस बाबत अगर किसी व्यक्ति को कोई उजर एतराज हो तो 15 दिवस के भीतर असलतन या वकालतन हाजिर होकर अपना एतराज पेश करें। बाद गुजरने मियाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा एवं प्रार्थना पत्र निस्तारित कर दिया जावेगा।

**तहसीलदार (भू.अ.) सरदारशहर**

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको लिमिटेड, चूरू**

क्रमांक :- दिनांक :-

**सार्वजनिक सूचना**

औद्योगिक क्षेत्र सादुलपुर प्रथम व द्वितीय चरण में स्थित भूखण्ड संख्या ए-1 क्षेत्रफल 6000 वर्ग मीटर का आवंटन इस कार्यालय के पत्र दिनांक 03.05.1980 के द्वारा मैसर्स दुग्गड़ इण्डस्ट्रीज (साझेदार श्री पृथ्वीराज दुग्गड़, श्री शुभकरण दुग्गड़ व श्रीमती हेमलता दुग्गड़) के पक्ष में किया गया था जिसकी लीजडीड दिनांक 13.05.1980 को निष्पादित करवायी गयी है, जिसको उप-पंजीयक कार्यालय सादुलपुर में दिनांक 15.06.1980 को पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 11 पृष्ठ संख्या 211 एवं क्रम संख्या 766 पर पंजीबद्ध किया गया। फर्म के एक साझेदार श्री पृथ्वीराज दुग्गड़ का स्वर्गवास हो जाने पर अन्य साझेदारों के आवेदन पर कार्यालय द्वारा दिनांक 15.02.2008 को साझेदारी में परिवर्तन का आदेश जारी किया गया, जिसके अनुसार साझेदार श्री शुभकरण दुग्गड़ एवं श्रीमती हेमलता दुग्गड़ है। इसके पश्चात संशोधित लीजडीड का निष्पादन दिनांक 27.05.2008 को किया गया, जिसको उप-पंजीयक कार्यालय, सादुलपुर में दिनांक 17.06.2008 को पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 152, पृष्ठ संख्या 52 एवं क्रम संख्या 785 पर पंजीबद्ध किया गया एवं अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 401 के पृष्ठ संख्या 3581-82 पर चस्पा किया गया है। फर्म की साझेदार श्रीमती हेमलता दुग्गड़ द्वारा जरिए भागेदारी विघटन डीड फर्म से रिटायर होने पर इस कार्यालय के आदेश दिनांक 28.08.2008 के द्वारा श्री शुभकरण दुग्गड़ (प्रोपराईटर मैसर्स दुग्गड़ इण्डस्ट्रीज) के पक्ष में आदेश जारी किया गया। इसके पश्चात संशोधित लीजडीड का निष्पादन दिनांक 28.08.2008 को किया गया जिसको उप-पंजीयक कार्यालय, सादुलपुर में दिनांक 08.09.2008 को पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 155, पृष्ठ संख्या 6 एवं क्रम संख्या 2241 पर पंजीबद्ध किया गया एवं अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 411 के पृष्ठ संख्या 5259-5260 पर चस्पा किया गया है। अब श्रीमती राजकुमारी दुग्गड़ द्वारा अपने पति, भूखण्ड प्रोपराईटर श्री शुभकरण दुग्गड़ का स्वर्गवास दिनांक 10.02.2020 को हो जाना अवगत करवाते हुए श्री शुभकरण दुग्गड़ द्वारा निष्पादित वसीयतनामा दिनांक 02.05.2016 नोटेरी पंजीकृत दिनांक 02.05.2016 मृत्यु प्रमाण पत्र एवं स्वयं का पहचान पत्र प्रस्तुत करते हुए स्वयं के पक्ष में भूखण्ड के लीज होल्ड राईट्स का हस्तानान्तरण किए जाने हेतु निवेदन किकया है। कार्यालय द्वारा श्रीमती राजकुमारी दुग्गड़ पत्नी स्व. श्री शुभकरण दुग्गड़ के पक्ष में स्वामित्व परिवर्तन किए जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति विशेष/संस्थान/वित्तिय संस्थान या जिस किसी से भी संबंधित हो, को आपत्ति है, तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में अवगत करवाए अन्यथा आवेदक के पक्ष में कार्यवाही कर दी जावेगी।

**(एस.के. गुप्ता), क्षेत्रीय प्रबंधक**

## सार-समाचार

### राज्यपाल ने शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के 6 भवनों का शिलान्यास किया

**जयपुर,** (निसं) राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुरूवार को राजभवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के अतिथि गृह, शोध व स्नातकोत्तर विद्यार्थी छात्रावास (पुरुष), शोध व स्नातकोत्तर विद्यार्थी छात्रावास (महिला), छात्र सुविधा केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र एवं छात्रसंघ कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास किया। राज्यपाल मिश्र ने नए भवनों के निर्माण के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि शेखावाटी विश्वविद्यालय में आवासीय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार से इस क्षेत्र के शैक्षिक विकास को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भागीरथ सिंह बिजारणिया ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय से 580 कॉलेज सम्बद्ध हैं और इनमें करीब 3लाख 50हजार विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला ऐसा बहु-संकाय विश्वविद्यालय है जहां रेडियो स्टेशन की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार, राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्दराम जायसवाल, शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलसचिव राजवीर सिंह सहित विश्वविद्यालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### वार्ड सात और आठ में पेयजल किल्लत

**चिड़ावा** (निसं)। शहर में पेयजल किल्लत से परेशान वार्डवासी काफी परेशान है। वार्ड सात और आठ के वार्डवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वार्डवासी लगातार जलदाय विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। मगर अधिकारी समस्या दूर नहीं कर पा रहे। परेशान वार्डवासी फिर से जलदाय कार्यालय पहुंचे। जहां अधिकारी नहीं मिले तो कार्यालय के सामने नारेबाजी कर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। वार्डवासियों ने जलदाय कर्मचारियों को समस्या से जुड़ा ज्ञापन भी सौंपा। बाद में वार्ड की महिलाओं ने ट्ययूबवैल के पास भी विरोध-प्रदर्शन किया। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड सात के सत्संग भवन से कुछ दूरी पर बना ट्ययूबवैल आए दिन खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि ट्ययूबवैल की केबल पुरानी हो चुकी है। जो कि लोड बढ़ते ही जल जाती है। उन्होंने बताया कि जलदाय विभाग को केबल बदलवाने के लिए आग्रह किया जा चुका है। मगर ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने बताया कि आए दिन मोटर खराब होने के कारण पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इस मौके पर घीसाराम, राहुल वर्मा, कबीर, रोहिताश्व कुमार, अंकित कुमार, अयुब, सुबेसिंह, हजारीलाल, मेनका, राजबाला, सुमन, विक्रम, बसंतलाल, कपिल कुमार, विमला, मुबारिक आदि मौजूद थे।

### सीडीईओ ने स्कूल का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसुइया ने गुरुवार को अलसीसर ब्लॉक की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाबड़ी धीर सिंह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की स्वच्छता, अनुशासन, आकर्षक भवन व नियमित अध्यापन व्यवस्था को देखकर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाचार्य व स्टाफ की सराहना की। स्टाफ सदस्यों की मीटिंग लेते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने रणवीर सिंह वरिष्ठ अध्यापक से गणित विषय की तैयारी का फीडबैक लेते हुए बोर्ड परीक्षा की तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए गणित, विज्ञान, अंग्रेजी जैसे विषयों की विशेष तैयारी करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमारा असली मूल्यांकन बोर्ड परीक्षा परिणाम होता है। जब प्रत्येक अभिभावक व ग्रामीण हमारी तरफ देखते हैं कि हमारा परिणाम कैसा रहा। इसलिए अब हमें बोर्ड परीक्षा के लिए युद्ध स्तर पर जुट जाना चाहिए। उनके साथ निरीक्षण पर रहे एपीसी समग्र कमलेश तेतरवाल ने परीक्षा परिणाम हेतु उपयोगी टिप्स दिए। वहीं विद्यालय विकास के लिए जनसहयोग प्राप्त करने के लिए भामाशाहों को प्रेरित करने का आग्रह किया।

### अभियान के तहत जनसंपर्क किया

**तारानगर** (निसं)। अखिल भारतीय कोंग्रेस कमेटी व राजस्थान प्रदेश कोंग्रेस कमेटी के आ ान पर किसान नेता तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया के निर्देशन में तारानगर विधानसभा क्षेत्र के महलाना ग्राम पंचायत में गुरुवार को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की बैठक करके कार्यकर्ताओं द्वारा कोंग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का भारत जोड़ो संदेश यात्रा का संदेश घर घर पहुंचाने, राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बेरोजगारी व महंगाई को खत्म करने का संदेश दिया। शहर ब्लॉक कोंग्रेस कोडीनेटर भगतसिंह ने बताया कि इसके बाद भारत जोडो यात्रा व राजस्थान सरकार क़ी जनकल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर वितरण किये गये। इस मोके पर रामनिवास खिचड़, सतवीर शर्मा, मोहनलाल मेघवाल, रामरख, कृष्ण नाई, काशीराम झाझड़िया, महेन्द्र शर्मा, दलीप गोस्वामी, रामस्वरूप पूनियाँ, टीकूराम नाई, रामप्रसाद जांगिड, सुनील झाझड़िया, सोनू राठौड़, धर्माराम नाई, सरजीत बाबरी, देपूसिंह राठौड, ईश्वर शर्मा सहित काफी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्याम बाबा के जयकारों के साथ पदयात्रा रवाना हुई

**चिड़ावा** (निसं)। शहर में गुरुवार को श्याम बाबा के जयकारो के बीच श्री श्याम मंदिर पदयात्रा संघ की 30 वीं निशान पदयात्रा रवाना हुई। इस यात्रा की शुरूआत पुरानी बस्ती स्थित श्याम मंदिर में निशान की पूजा अर्चना के साथ हुई। इस दौरान मुख्य यजमान ने सहपत्नी पूजा अर्चना की। इसके बाद श्याम मंदिर से यात्रा रवाना हुई। यात्रा धाबाईजी का टेकडा, कल्याणप्रभू मंदिर, विवेकानंद चौक, तिरंगा चौक, कबूतरखाना पुराना बस स्टैंड होते हुए खाटू धाम के लिए रवाना हुए। इस यात्रा पर भक्त डीजे पर बाबा श्याम के भजनो पर नाचते गाते हुए नजर आए। निशान यात्रा में राजकुमार भालोठिया, महावीर मालानी के नेतृत्व में काफी संख्या में पदयात्री रवाना हुए हैं। ये पदयात्रा सुलताना, गुढ़ा, खंडेला होते हुए खाटू पहुंचेगा और निशान समर्पित किए जाएंगे।

### पुलिस अधिकारियों का अभिनंदन किया


**झुंझुनूं,** (निसं)। खाटूधाम में बाबा श्याम के लक्खी मेले 2023 के दौरान पुलिस प्रशासन की सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए बुधवार को खाटू थाना में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान द्वारा एएसपी नीमकाथाना रतनलाल भार्गव, खाटू के थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव एवं मेले में प्रोटोकॉल अधिकारी मनोजकुमार मीणा का आभार प्रकट करते हुए माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंट करते हुए स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से डॉ. डीएन तुलस्यान, स्नेहलता तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, नेहा तुलस्यान एवं प्रिशा तुलस्यान ने बाबा श्याम के दर्शन किए एवं खाटू धाम मेले में पधारे श्याम भक्तों को फल वितरण किए गए।

### कृषि की नई तकनीक की जानकारी दी

**चिड़ावा** (निसं)। किसान मेले में रिटायर्ड कृषि विभाग के निदेशक डॉ सहदेव सिंह ने कृषि की नई तकनीक की जानकारी दी। साथ ही किसानो को कम पानी के लिए धान्या बाजरा एमपी 7878 व मूंगफली वेस्टर्न किंग 666 के बारे मैं जानकारी दी। उधान विभाग से शीशराम जाखड़ ने बगीचों के बारे में जानकारी दी। रतेरवाल सीड्स के कृष्ण कुमार शर्मा ने किसानों को अच्छी किस्म के बीज काम में लेने की सलाह दी। मेले में विभिन्न विभागों की स्टॉल लगी। जिसमे रेलीज इंडिया लिमिटेड ( धान्या सीड्स) को प्रथम स्थान मिला जिसका डालमिया ट्रस्ट द्वारा सुरजीत ढिल्लन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### राजे चार मार्च को सालासर आयेंगी, सभा स्थल पर तैयारियां तेज

**सुजानगढ** (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे ०4 मार्च को अपने जन्मदिवस से पूर्व सालासर बालाजी के दर्शनों के लिये सालासर आयेगी। सालासर बालाजी मन्दिर में राजे बालाजी के दर्शन व पूजा अर्चना करेगी। इसके पश्चात राजे प्रदेश भर से आये अपने समर्थकों को अंजनी माता मन्दिर के पीछे स्थित सभास्थल पर सम्बोधित करेगी। सभा स्थल का गुरूवार को पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पूर्व सरपंच महेन्द्र डूकिया, मांगीलाल पुजारी, महावीर सिंह पार्वतीसर, मनोज भाणेज, इमरान खान, बुद्धिप्रकाश सोनी ने जायजा लिया। डूकिया ने बताया कि प्रदेशभर से हजारों लोग रैली में भाग लेंगे।




*जोधपुर में पिछले दिनों वकील की हत्या के विरोध में तथा एडवोकेट प्रोटैक्शन एक्ट लाने की मांग करते हुए जयपुर में वकीलों ने एम.आई. रोड., झोटवाडा पुलिया, कलैक्ट्रेट के क्षेत्रों में रैली निकाली। इस वजह से पूरे जयपुर शहर में करीब तीन घंटे तक जाम लगा रहा।*

# वकीलों की रैली से यातायात जाम

## कई किलोमीटर लम्बे जाम में वाहन फंसे

जयपुर, 23 फरवरी। जोधपुर में वकील की दिनदहाड़े हुई हत्या के विरोध में और एडवोकेट प्रोटेक्शन कानून की मांग को लेकर हाईकोर्ट सहित अधीनस्थ अदालतों में गुरुवार को भी वकीलों ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। हालांकि गुरुवार को हाईकोर्ट में कुछ सरकारी वकीलों ने मुकदमों में पैरवी की।

वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए सैशन कोर्ट से शहीद स्मारक तक रैली निकाली। वकीलों की रैली के दौरान स्टेशन रोड, एम.आई. रोड, झोटवाड़ा रोड पर कई किलोमीटर का जाम लग गया। जिसकी वजह से वाहन चालकों को खासी परेशानी हुई। वहीं हाईकोर्ट के वकीलों ने कोर्ट के बाहर सांकेतिक रास्ता जाम किया। करीब आधे घंटे तक रास्ता रोकने के बाद वकील न्यायालय परिसर में लौट गए। सैशन कोर्ट परिसर में वकीलों ने सभा करने के बाद शहीद स्मारक तक रैली निकाली। शहीद स्मारक तक पहुंचने के बाद वकील कोर्ट परिसर में लौट आए। रैली में द बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा, महासचिव मनोज शर्मा, पूर्व महासचिव संदीप लुहाडिया, द डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक शर्मा, महासचिव गजराज शर्मा, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए। रैली करीब 12.30 बजे सैशन कोर्ट से रवाना हुई। इसी के साथ एम.आई. रोड, सीकर रोड, झोटवाड़ा रोड सहित आस-पास के क्षेत्र में जाम लग गया। इन क्षेत्रों में करीब तीन घंटे तक वाहन चालक जाम में फंसे रहे।

- **जोधपुर में एक वकील की दिनदहाड़े हत्या के विरोध और एडवोकेट प्रोटैक्शन कानून की मांग को लेकर वकीलों ने गुरूवार को भी न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया।**

# शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले का मुख्य आरोपी भूपेन्द्र सारण बैंगलुरू से गिरफ्तार

## एस.ओ.जी. ने आरोपी को उदयपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है

जयपुर, 23 फरवरी। राजस्थान में सेकण्ड ग्रेड पेपर लीक प्रकरण मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी भूपेन्द्र सारण को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) ने गुरूवार शाम को बैंगलूरू एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। भूपेन्द्र पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था।

एस.ओ.जी. ने बताया कि, पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण धर्मेन्द्र सिंह यादव और उनके साथी अधिकारियों की आपराधिक सूचना के आधार पर ए.टी.एस. व एस.ओ.जी. और जोधपुर ग्रामीण का पुलिस दल गत 6 दिनों से बैंगलूरू में रुका हुआ था। इस दौरान भूपेन्द्र सारण के बारे में पूरी जानकारी जुटाई जा रही थी।

22 फरवरी को उसके बारे में पुलिस को जानकारी मिली थी। भूपेन्द्र सारण अहमदाबाद से फ्लाइट लेकर बैंगलुरु आया था। इसके आधार पर पुलिस ने गुरूवार को भूपेन्द्र सारण को बैंगलूरू एयरपोर्ट से पकड़ लिया। आरोपी वर्तमान में उदयपुर में दर्ज पेपर लीक के मामले में वांछित चल रहा है। इस पर आज सुबह उदयपुर जिला पुलिस को भी इस कार्रवाई में शामिल किया गया है। आरोपी भूपेन्द्र सारण को पकड़कर उदयपुर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

उदयपुर पुलिस आरोपी भूपेन्द्र सारण से पूछताछ करेगी। इसके बाद एस.ओ.जी. अपने यहां दर्ज केस में भूपेन्द्र सारण से पूछताछ करेगी। इस पूरे मामले में सी.आई.एस.एफ. बैंगलुरू में पदस्थापित राजस्थान कैडर के पुलिस महानिरीक्षक जोस मोहन का भी विशेष योगदान रहा।

पुलिस भूपेन्द्र सारण से दूसरे आरोपी सुरेश ढाका के बारे में भी पूछताछ करेगी।

पुलिस का मानना है कि भूपेन्द्र सारण की गिरफ्तारी के बाद बहुत जल्द सुरेश ढाका भी किया जा सकेगा। गौरतलब है कि आरोपी भूपेन्द्र सारण और सुरेश ढाका के खिलाफ एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया हुआ हैं।

गौरतलब है कि भूपेंद्र सारण साल 2011 में जी.एन.एम. भर्ती पेपर आउट प्रकरण और वर्ष 2022 में पुलिस कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में भी शामिल था। वह जेल भी जा चुका है।

पुलिस जयपुर से भूपेंद्र सारण की गर्लफ्रेंड और पत्नी को गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने पेपर लीक के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण की गिरफ्तारी पर एडीजी एसओजी अशोक राठौड़, उदयपुर एसपी विकास शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण धर्मेन्द्र सिंह सहित पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को पुलिस मुख्यालय बुलाकर विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

- **आरोपी भूपेन्द्र सारण और सुरेश ढाका पर पुलिस ने एक लाख रूपए का इनाम घोषित कर रखा था।**
- **सारण की गिरफ्तारी में, सी.आई.एस.एफ. बैंगलुरू में पदस्थापित राजस्थान कैडर के पुलिस महानिरीक्षक जोस मोहन का विशेष योगदान रहा।**

### वकील हड़ताल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर थे। उन्होंने आधे घंटे से भी ज्यादा चली बहस में कमाण्ड एरिया के नागरिकों की मांग को पुरजोर तरीके से अदालत से सामने रखा। न्यायाधीशों ने कलेक्टर करौली, एस.पी. करौली तथा सिंचाई विभाग के सुपरिन्टैन्डिंग इंजीनियर से अलग-अलग पूछा कि नहरों में पानी खोलने में क्या परेशानी है? उन्होंने कोर्ट को बताया कि गुडला के आसपास के क्षेत्र के 13 गांवों के लिए एक लिफ्ट परियोजना तैयार है परंतु अभी भी 8 गांव छूटे हुए हैं, जिसके लिए 19.50 करोड़ का प्रस्ताव सरकार में भेज दिया है। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि,10 मार्च 2023 तक सरकार बताये कि नहरों में पानी खोलने की क्या योजना है? अदालत ने कलेक्टर करौली तथा एसपी करौली को निर्देशित किया कि, वे संभावनाएं तलाशें कि बने हुए तंत्र का उपयोग करते हुए नहरों में पानी कैसे खोला जा सकता है।

## 'लोकतंत्र को हिटलर शाही बना दिया है'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 फरवरी। कांग्रेस के अध्यक्ष मलिल्कार्जुन खड़गे ने गुरूवार को मोदी सरकार की तानाशाही की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने एक बयान में कहा कि मोदी सरकार ने भारत के लोकतंत्र को हिटलरशाही बना डाला है। संसद में सवाल पूछने पर भी सांसदों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में महाधिवेशन से पहले कांग्रेस के नेताओं पर ई.डी. की रेड की गई और गुरूवार को कांग्रेस मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा को रायपुर जाने वाली फ्लाइट से जबरन उतारा गया, उस समय वे अन्य नेताओं के साथ महाधिवेशन में भाग लेने के लिए रायपुर जा रहे थे।

- **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरूवार को पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा की नाटकीय गिरफ्तारी और छत्तीसगढ़ में कांग्रेसी नेताओं पर ई.डी. रेड के लिए मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला।**

# 'गृह मंत्री अमित शाह का भी इंदिरा गांधी जैसा हाल कर देंगे'

## वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह को धमकी दी

नई दिल्ली/चंडीगढ़, 23 फरवरी। वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह को धमकी देते हुए कहा कि उन्होंने खालिस्तान आंदोलन को रोकने की कोशिश की तो उनका भी वही हश्र होगा जो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का हुआ था। वहीं, इसके बाद अमृतपाल सिंह ने धमकी वाले बयान पर यू टर्न ले लिया।

अमृतपाल ने कहा, मैंने गृह मंत्री को किसी तरह की धमकी नहीं दी। अमित शाह ने मुझे धमकी दी है। एजेंसियां मेरा कत्ल करवाना चाहती हैं। गौरतलब है कि, वारिस पंजाब दे कट्टरपंथियों का एक संगठन है जिसकी स्थापना एक्टिविस्ट दीप सिद्धू ने की थी, जिनकी पिछले साल फरवरी में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

अमृतपाल ने मोगा जिले के बुध सिंह वाला गांव में कहा था कि इंदिरा ने भी हमें दबाने की कोशिश की थी, क्या हश्र हुआ? अब अमित शाह अपनी इच्छा पूरी कर के देख लें। अमृतपाल ने कहा था, अमित शाह को कह दो कि पंजाब का बच्चा-बच्चा खालिस्तान की बात करता है। इंदिरा गांधी ने भी दबाया था, क्या नतीजा निकला सब जानते हैं। अमित शाह भी अपनी इच्छा पूरी कर लें। हम अपना राज मांग रहे हैं, किसी दूसरे का नहीं। गौरतलब है कि हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने खालिस्तान समर्थकों को खत्म करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि पंजाब में खालिस्तान समर्थकों पर सरकार की नजर है।

वहीं, अमृतपाल सिंह और उनके समर्थक आज अमृतसर में पुलिस से उस वक्त भिड़ गए जब वे अपहरण के एक मामले में गिरफ्तार किए गए अमृतपाल के करीबी लवप्रीत तूफानी की रिहाई की मांग कर रहे थे।

15 फरवरी को चमकौर साहिब के एक युवक बरिंदर सिंह को कुछ लोगों ने अगवा कर लिया था। आरोप है कि सोशल मीडिया पर उसने अमृतपाल के खिलाफ टिप्पणी की थी। आरोप है कि बरिंदर को किडनैप करके बुरी तरह पीटा गया था। युवक की शिकायत के बाद अमृतपाल उसके साथी लवप्रीत उर्फ तूफानी समेत 30 समर्थकों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इसी केस में तूफानी को अरेस्ट किया गया है।

- **अमृतपाल सिंह खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी संगठन वारिस पंजाब दे का प्रमुख है।**
- **पंजाब में गुरुवार का दिन भारी हंगामेदार रहा अमृतपाल सिंह के एक करीबी की गिरफ्तारी के विरोध में, अमृतपाल सिंह के समर्थक पुलिस थाने में लाठी, डंडे, तलवार व सरिये इत्यादि लेकर घुस गये।**
- **गौरतलब है कि, हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने खालिस्तान समर्थकों को खत्म करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि पंजाब में खालिस्तान समर्थकों पर सरकार की नजर है।**

### 'इस मुद्दे पर हम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भरकम प्रश्न पूछे गए।'' डैमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डी.यू.पी.) के सांसद जिम शैनन ने रेड्स को देश के नेता को लेकर जारी की गई एक बिना-लाग लपेट की डॉक्यूमैन्टरी के बाद ''जानबूझकर'' भयभीत करने वाला कार्य बताया। बी.बी.सी. ने अपने निर्माण का बचाव किया, और कहा कि उसने उच्च कोटि के संपादकीय मानकों की पालना की है।

### स्टियरिंग कमेटी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नेताओं के ऊपर ईडी की छापेमारी, इनकम टैक्स के छापेमारी, ऐसा कभी नहीं हुआ। उन लोगों के भी अधिवेशन हुए हैं लेकिन कभी किसी ने उन्हें ऐसे परेशान नहीं किया। लेकिन यहां हमारे अधिवेशन को बाधित करने के लिए कोशिश कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता और चीफ मिनिस्टर भूपेश बघेल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और हमारे तमाम साथी एक होकर इसका सामना करेंगे।

इसी के साथ रायपुर पहुंचे जयराम रमेश ने कहा कि इस समय भारतीयों की स्वतंत्रता खतरे में है। इस सरकार में पहले बोलने की स्वतंत्रता खत्म की गई और अब तो हालात ये हैं कि फ्रीडम ही खतरे में है।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेस महाधिवेशन की जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन 24 तारीख को 10 बजे स्टियरिंग कमेटी की बैठक होगी। शाम 4 बजे सब्जेक्ट कमेटी की बैठक होगी। जहां 6 प्रस्तावों पर चर्चा होगी। अगले दिन 25 तारीख को राजनीतिक, आर्थिक और अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा होगी। 26 तारीख को कृषि, किसान कल्याण, युवा रोजगार और शिक्षा एवं सामाजिक न्याय पर बात करेंगे। इसी दौरान स्टियरिंग कमेटी के निर्णयों पर भी चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के बाद भाजपा बहुत बौखलाई हुई है। भाजपा लगातार राहुल गांधी की आलोचना कर रही है। यात्रा समाप्त हो गई है, लेकिन उनकी घबराहट खत्म नहीं हुई। चार दिन पहले छत्तीसगढ मेें हमारे नेताओं पर ईडी के छापे पड़े। हमारे अधिवेशन को तोडने का प्रयास किया गया। आज सुबह मोदी सरकार की प्रतिशोध की राजनीति फिर दिखाई दी। हमारे मीडिया विभाग के प्रमुख पर तीन-तीन एफआईआर कर दी गईं। उन्हें हवाई जहाज से उतार लिया गया। न्याय पालिका ने उन्हें राहत दी है। इससे हमें देखने को मिला कि टाइगर जिंदा है, सुप्रीम कोर्ट लोकतंत्र के लिए ज्योति है। हमारे देश के शहरों में मदर ऑफ डैमोक्रैसी के पोस्टर लगाए हुए हैं, लेकिन दरअसल ये मर्डर ऑफ डैमोक्रैसी है।

### कांग्रेस के 85वें अधिवेशन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गांधी शनिवार को रायपुर पहुंचेंगी। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी आएंगी या नहीं, इस बारे में अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। बताया जा रहा है, उनका आना उनके सेहत पर निर्भर करेगा। सेहत ठीक रही तो वे संभवत शनिवार को रायपुर पहुंचेगीं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु भी देर शाम को रायपुर पहुंच गए।

राजस्थान और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की टीम पहले ही यहां पहुंच चुकी है। कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के बाकी सभी 45 नेता शुक्रवार सुबह तक रायपुर पहुंच जाएंगे। इन नेताओं में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार जैसे नेता शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार अधिवेशन में विभिन्न राज्यों के 12 से ज्यादा मुख्यमंत्री पहुंच रहे हैं। इसमें महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे, अशोक च ाण, पृथ्वीराज च ाण, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एम. वीरप्पा मोइली, पुड्डूचेरी के मुख्यमंत्री रहे वी. नारायणसामी, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. किरण कुमार रेड्डी, पंजाब के मुख्यमंत्री रहे चरणजीत सिंह चन्नी और राजिंदर कौर भट्टल के साथ गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री प्रताप सिंह राणे, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री समीर रंजन बर्मन, अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुकुट मिथि और नगालैंड के पूर्व मुख्यमंत्री एस.सी. जमीर भी रायपुर पहुंच रहे हैं।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने बताया कि कांग्रेस के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए नवा रायपुर के मेला स्थल पर 12 से ज्यादा डोम तैयार किये गये हैं। प्रत्येक डोम एयरकंडीशंड है। अधिवेशन के लिए एक विशाल पंडाल बनाया गया है।

जिस डोम में सारे वी.आई.पी. रहेंगे, उसमें बड़ा मंच बनाया गया है। भोजन, बैठक, मीडिया गैलरी सहित सभी डोम एयरकंडीशंड होंगे। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में शामिल होने वाले लगभग 15 हजार कांग्रेस नेताओं और ड्यूटी में लगे 5 हजार लोगों के लिए रोजाना वहीं भोजन बना करेगा। जहां तक मेहमानों के रुकने की व्यवस्था की बात है, तो रायपुर के छोटे-बड़े करीब 100 से ज्यादा होटल पहले ही बुक कर लिए गए हैं। इसके अलावा हॉस्टल- स्कूल, बड़े निवास स्थान भी बुक कर लिए गए हैं। मेहमानों के आने-जाने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र से भी की गई है और कुछ गाड़िया दिल्ली से भी मंगवाई गई है, ताकि कोई परेशानी नहीं हो। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लेकर नवा रायपुर तक पूरे रास्ते को होर्डिंग्स, बैनर और कांग्रेस के झंडों से सजा दिया गया है।


## लगातार पांचवें दिन गिरा शेयर बाजार

मुंबई, 23 फरवरी (वार्ता)। वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के साथ ही स्थानीय स्तर पर फरवरी माह के वायदा सौदा निपटान को लेकर यूटिलिटीज, पावर, रियल्टी, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन भी गिरावट रही।

बी.एस.ई. का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 139.18 अंक का गोता लगाकर 59605.80 अंक और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन.एस.ई.) का निफ्टी 43.05 अंक उतरकर 17511.25 अंक पर आ गया। इस दौरान बी.एस.ई. की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली कंपनियों में बिकवाली हुई वहीं छोटी कंपनियों में तेजी का रुख रहा, जिससे मिडकैप 0.40 प्रतिशत टूटकर 24,220.34 अंक रहा जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत की बढ़त लेकर 27,626.56 अंक हो गया।

इस दौरान बी.एस.ई. में कुल 3599 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1861 में गिरावट जबकि 1584 में तेजी रही वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एन.एस.ई. में 26 कंपनियों में बिकवाली जबकि शेष 24 में लिवाली हुई। बी.एस.ई. के 14 समूहों में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान कमोडिटीज 0.07, सीडी 0.37, ऊर्जा 0.03, वित्तीय सेवाएं 0.11, हेल्थकेयर 0.20, इंडस्ट्रियल्स 0.59, आई.टी. 0.09, दूरसंचार 0.30, यूटिलिटीज 1.29, कैपिटल गुड्स 0.84, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.95, पावर 1.19, रियल्टी 1.60 और टेक समूह के शेयर 0.37 प्रतिशत गिर गए।

# 1993 के सीरियल बम ब्लास्ट की अगली सुनवाई दो मार्च को



*1993 में देश के पांच शहरों लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत व मुंबई में ट्रेनों में हुये सीरियल बम धमाकों के मामले में गुरुवार को अजमेर की टाडा कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट में तीनों आतंकियों अब्दुल करीम उर्फ टुंडा, इरफान और हमीदुद्दीन को कोर्ट में पेश किया गया।*

अजमेर, 23 फरवरी (का.सं.)। अयोध्या में बाबरी विध्वंस की बरसी पर 6 दिसंबर 1993 को लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई की ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम धमाके को लेकर गुरुवार को अजमेर की टाडा कोर्ट में सुनवाई हुई। तीनों आतंकियों को कोर्ट में पेश किया। मामले में आखरी गवाह तत्कालीन डिप्टी एस.पी. के बयान दर्ज किए गये। अगली सुनवाई न्यायाधीश ने 2 मार्च को तय की है। जिसमें मुलजिमों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

एडवोकेट अब्दुल रशीद ने बताया -1993 में देश के विभिन्न जगहों पर बम ब्लास्ट हुए थे, जिसमें पांच अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज हुए। बम ब्लास्ट के मामले में गुरुवार को अजमेर की टाडा कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट में आतंकी अब्दुल करीम उर्फ टुंडा, इरफान और हमीदुद्दीन को भी कोर्ट में पेश किया। एडवोकेट ने बताया कि डिप्टी एस.पी. मीणा इस पूरे मामले के अंतिम गवाह थे। इस पूरे मामले में अब तक 65 लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं।

अब्दुल करीम उर्फ टुंडा उत्तर प्रदेश में हापुड़ जिले के कस्बा पिल खुवा का रहने वाला है। अपने जीवन की शुरुआत में वह पिल खुवा कस्बे में कारपेंटर (बढ़ई) का काम करता था, लेकिन काम चला नहीं। इसके बाद कपड़े का कारोबार करने मुंबई चला गया। बताया जा रहा है कि 1980 के आसपास वह आतंकी संगठनों के संपर्क में आया। 80 के दशक में अब्दुल करीम उर्फ टुंडा ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से ट्रेनिंग ली और फिर लश्कर-ए-तैयबा के संपर्क में आया। 6 दिसंबर 1993 को ट्रेनों में विस्फोट के वक्त करीम टुंडा लश्कर का विस्फोटक विशेषज्ञ था।

मुंबई के डॉक्टर जलीस अंसारी, नांदेड के आजम गौरी और करीम टुंडा ने 'तंजीम इस्लाम उर्फ मुसलमीन' संगठन बनाकर बाबरी विध्वंस का बदला लेने के लिए 1993 में पांच बड़े शहरों में ट्रेनों में बम धमाके किए थे। इसके अलावा1996 में दिल्ली में पुलिस मुख्यालय के सामने बम धमाके का आरोप भी टुंडा पर ही है। 1996 में सुरक्षा एजेंसी इंटरपोल ने उसका रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर इन आतंकियों के प्रत्यर्पण की मांग की थी, उसमें टुंडा भी था। बम बनाते वक्त एक हाथ खो देने के बाद अब्दुल करीम का नाम 'टुंडा' पड़ा। उस पर करीब 33 क्रिमिनल केस दर्ज हैं और 1997-98 में करीब 40 बम धमाके कराने के आरोप हैं।

- **मामले में आखिरी गवाह सी.बी.आई. के तत्कालीन डी.एस.पी. के बयान दर्ज हुए।**
- **गौरतलब है कि, बाबरी विध्वंस की पहली बरसी पर भारत के 6 शहरों में बम धमाके हुए थे।**

### 'मुझे कांग्रेस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर उसका मेडिकल कर रही है। वहीं लॉरैंस के अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि, कोर्ट ने बुधवार को लॉरैंस की अर्जी पर पुलिस से उसकी सुरक्षा व्यवस्था और उसके मेडिकल के संबंध में रिपोर्ट देने के लिए कहा था, लेकिन उसे पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी जा रही है। लॉरैंस की ओर से पूर्व में अदालत को बताया गया था कि, वह लंबे समय से पुलिस व न्यायिक हिरासत में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में है। वह दो साल से किसी प्राइवेट व्यक्ति से नहीं मिला है तो कैसे किसी से रंगदारी मांग सकता है।

उसे 15 जून 2022 को तिहाड जेल से सिद्दू मूसेवाला हत्याकांड में प्रोडक्शन वारंट पर एसटीएफ के द्वारा पुलिस कस्टडी में लिया था। हर दिन उसकी वीडियोग्राफी हुई और छह महीने से एसटीएफ के रिमाण्ड पर है। इसके बाद 21 जनवरी 23 से वह बठिंडा जेल में न्यायिक हिरासत में है और वीडियोग्राफी व सर्वेलैंस पर है। इस मामले में गिरफ्तारी के दौरान भी वह सर्वेलैंस पर था तो वह अपराध कैसे कर सकता है।

# भारतीय मूल के अमेरिकी अजय बंगा को वर्ल्ड बैंक का अध्यक्ष मनोनित किया गया

वॉशिंगटन, 23 फरवरी। अमेरिका ने मास्टरकार्ड के पूर्व सी.ई.ओ. और भारतीय मूल के अजय बंगा को वर्ल्ड बैंक का अध्यक्ष मनोनित किया है। इस पद पर मनोनित होने वाले बंगा पहले भारतीय हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को जलवायु परिवर्तन सहित वैश्विक चुनौतियों पर उनके महत्वपूर्ण अनुभव को तरजीह देते हुए बंगा को अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। गौरतलब है कि, वर्ल्ड बैंक का कार्यकारी निदेशक नीति आयोग के पूर्व अध्यक्ष परमेश्वरन अय्यर को बनाया गया है। हालांकि अभी तक 189 देशों में गरीबी कम करने का नेतृत्व करने वाली इस संस्था का नेतृत्व डेविड मलपास कर रहे हैं, जिन्होंने आगामी जून में अपनी भूमिका से हटने का ऐलान कर दिया है। हालांकि कि उनका कार्यकाल अप्रैल 2024 में समाप्त होना था। गौरतलब है कि, डेविड मलपास को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नियुक्त किया गया था। मौजूदा वक्त में बहुपक्षीय बैंक में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संबोधित करना अमेरिका के लिए एक प्राथमिकता है और प्रमुख जलवायु आंकड़ों ने बाइडन प्रशासन से आग्रह किया है कि वह शक्तिशाली वित्तीय संस्थान को ओवरहाल करने के लिए मलपास के शुरुआती प्रस्थान का उपयोग करे, जिसकी अमीर राष्ट्र और जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के प्रयास के रूप में आलोचना की गई थी। एक सम्मेलन के दौरान अपनी टिप्पणियों में विज्ञान पर संदेह व्यक्त करने के लिए मलपास पिछले साल आलोचना में घिर गए थे, जिन्होंने कहा था कि जीवाश्म ईंधन के जलने से ग्लोबल वार्मिंग होती है।

बाद में उन्होंने माफी मांगी और कहा कि उन्होंने गलत बात कही थी। अब बंगा को इसकी बागडोर सौंपी गई है, जो वर्तमान में निजी इक्विटी फर्म जनरल अटलांटिक के वाइस चेयरमैन हैं। उनके पास 30 से अधिक वर्षों का व्यावसायिक अनुभव है।

## चार और वकीलों को जज बनाया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 फरवरी। केन्द्र सरकार 4 वकीलों को इलाहाबाद व मद्रास हाई कोर्ट में दो साल के लिए एडीशनल जज नियुक्त किया है। इनमें से तीन इलाहाबाद हाई कोर्ट के लिए और एक मद्रास हाई कोर्ट के लिए है।

- **केन्द्र सरकार ने चार वकीलों को हाई कोर्ट में जज के पद पर नियुक्ति दी। इनमें से तीन को इलाहाबाद हाई कोर्ट में और एक को मद्रास हाई कोर्ट में नियुक्ति दी गई है।**

इलाहाबाद हाई कोर्ट में नियुक्ति पाने वाले तीन जज हैं वकील प्रशांत कुमार, मंजीवे शुक्ला और अरूण कुमार देशवाल मद्रास हाई कोर्ट के लिए नियुक्त है वकील वैंकटचारी लक्ष्मीनारायणन्

**राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-**राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. **RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600






360 View Camera



Head Up Display


22.86cm SmartPlay Pro+


6 Airbags^


In-built Suzuki Connect

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314).

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)

*T&C apply. Offers may vary across variants. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time. Smart Finance available only in select cities. Creative Visualization. Black Glass on vehicle is due to lighting effect. ^For details on funcioning of safety features including air bag,, kindly refer to the Owners manual.